

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 291 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 29 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया


# पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने से हुआ ये बड़ा फायदा, PM मोदी ने किया ऐलान

मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही उनकी सरकार किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश कर रही है और पिछले आठ वर्ष में इस दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों के अब नतीजे दिख रहे हैं. उन्होंने कहा कि सरकार के पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के फैसले से किसानों की आय में वृद्धि करने में मदद मिली.

**एजेंसी न्यूज** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 से पहले पेट्रोल में मिलाए जाने वाले इथेनॉल की मात्रा 40 करोड़ लीटर थी, जो अब बढ़कर 400 करोड़ लीटर हो गई है. उन्होंने उत्तरी गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के नजदीक स्थित साबर डेयरी की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण से किसानों की आय भी बढ़ गई है.



### इथेनॉल ने बढ़ाई किसानों की आय

मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही उनकी सरकार किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश कर रही है और पिछले आठ वर्ष में इस दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों के अब नतीजे दिख रहे हैं. उन्होंने कहा कि सरकार के पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के फैसले से किसानों की आय में वृद्धि करने में मदद मिली क्योंकि इथेनॉल का उत्पादन कृषि उत्पादों जैसे गन्ने और मक्के से होता है.

मोदी ने जनसभा में कहा, 'आज, इथेनॉल का पेट्रोल में मिलाने का अनुपात करीब 10 प्रतिशत है. इथेनॉल गन्ने और मक्के से बनता है. वर्ष 2014 से पहले पेट्रोल में केवल 40 करोड़ लीटर इथेनॉल का मिश्रण होता था. आज यह 400 करोड़ लीटर तक पहुंच चुका है.' उन्होंने कहा कि खेती के अलावा पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन और शहद के उत्पादन जैसी संबद्ध कारोबारी गतिविधियों ने भी किसानों की आय बढ़ाई है.

### किसानों के लिए निरंतर कोशिश: पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा, किसानों की आज आय बढ़ी है क्योंकि केंद्र सरकार ने गत आठ साल में निरंतर प्रयास किए हैं। इससे भूमिहीन और सीमांत किसानों को सबसे अधिक लाभ हुआ है.' उन्होंने कहा, ह्यहमारी रणनीति आय के वैकल्पिक स्रोत पर ध्यान केंद्रित करने की थी जिसके नतीजे दिख रहे हैं. पहली बार खादी और ग्राम उद्योगों का कारोबार एक लाख करोड़ रुपये के पार चला गया है.' उन्होंने दावा किया कि खादी और ग्राम उद्योग क्षेत्र ने गांवों में गत आठ साल में 1.5 करोड़ लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं.

### कृषि लागत को कम करने में लगी है सरकार

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार कृषि लागत को कम करने के लिए काम कर रही है और हाल के दिनों में वैश्विक स्तर पर उर्वरकों की कीमत में कई गुणा वृद्धि होने के बावजूद देश में इनकी कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की गई. उन्होंने कहा, ह्यहम यूरिया का अन्य देशों से आयात करते हैं. हालांकि, हाल के समय में वैश्विक स्तर पर इसकी कीमत में कई गुणा वृद्धि हुई है, लेकिन हमने इसका बोझ किसानों पर नहीं डाला. सरकार यूरिया की 50 किलोग्राम की बोरी के लिए 3500 रुपये का भुगतान कर रही है, लेकिन किसानों को केवल 300 रुपये में बेच रही है।.उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि की वजह से सरकार पर डीएपी उर्वरक की एक बोरी पर दी जाने वाली सब्सिडी का बोझ 500 रुपये से बढ़कर 2,500 रुपये हो गया है.

### पीएम ने स्वतंत्रता सेनानी को किया याद

मोदी ने कहा कि जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उनकी सरकार ने एकल इस्तेमाल प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के लिए आंदोलन शुरू करने का फैसला किया क्योंकि इसके दुष्परिणाम सामने आ रहे थे. उन्होंने कहा, ह्यपशु स्वास्थ्य मेले के दौरान डॉक्टरों ने एक गाय के पेट से 15 से 20 किलोग्राम प्लास्टिक निकाला. यही वजह है कि हमने प्लास्टिक पर रोक की यह मुहिम शुरू की.' इस मौके पर मोदी ने पाल चितरिया नरसंहार और आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी मोतीलाल तेजावत को याद किया जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ बगावत का नेतृत्व किया.

मोदी ने कहा, ह्यपहली बार, आदिवासी समाज की, देश की बेटी शीर्ष संवैधानिक पद पर पहुंची हैं. लोगों ने द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाया है. यह हम सभी 130 करोड़ नागरिकों के लिए गर्व का विषय है.'

## भागलपुर जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बीपीन बिहारी यादव ने प्रेस ब्यान जारी किया

भागलपुर :----समाज जागरण
राजीब पाण्डेय /पुरुषोत्तम ठाकुर ।



संसद में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और बीजेपी सांसद के दुवारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष श्रीमति सोनिया गांधी के साथ अमर्यादित शब्द और दुरव्यवहार का हम कड़ी निंदा करते है ऐसा संसद में नही होना चाहिए सोनिया जी लम्बे समय तक संसद के सदस्य और कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष रही है उनके साथ अमर्यादित ब्यौहार निंदनीय है श्रीमती स्मृति ईरानी जी को शायद सिरियल और संसद में फर्क नही बुझाता है गोवा में फर्जी बार के लाइसेंस मामले के उजागर होने और झूठ पकड़ाने से परेशान हो गई है देश के जनता सच जान चुकी है तब इस प्रकार की हरकत कर रही है बीजेपी और स्मृति ईरानी जो दुभग्यपूर्ण है देश इस प्रकार का हरकत कभी बर्दास्त नही करता है देश सोनिया जी का अपमान का हिसाब मांगेगा मोदी सरकार से।

## कटिहार जिले से अपहृत युवक के साथ नौगछिया पुलिस ने नोट डबल करने वाले गिरोह का भी किया पदार्फाश।

**भागलपुर :राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

कटिहार जिला अंतर्गत मनिहारी पूर्वी टोला के रहने वाले मोहम्मद शरीफ के पुत्र मोहम्मद जाहिद का अपहरण कर नवगछिया थाना क्षेत्र में करीब 8 दिनों से रखा गया था और रिहा करने के एवज में दस लाख फिरौती की भी मांग की जा रही थी। इस घटना की सूचना मिलते ही कांड की गंभीरता को देखते हुए आदर्श थाना नवगछिया के भरत भूषण के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आसूचना तथा अपहृत के साथी को पैसा लेकर आने की बात बता कर अपहरणकर्ता से लगातार मोबाइल से बात करते हुए पैसे नवगछिया स्टेशन परिसर पर लेकर आने की बात कही और अपहरणकर्ता के स्टेशन परिजन पहुंचते ही उसे गठित पुलिस बल ने गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि उसे पूछताछ के दौरान बताया कि ठगी करने के उद्देश्य से रुपया डबल करने का भी वह कार्य किया करता था, साथ ही साथ उसमें प्रयोग किए जाने वाले सामान मिल टोला के जोकर सिंह के मकान से पुलिस ने बरामद किया है। बरामद सामग्री में दो पंजा फाइटर ,2 मोबाइल और जाली नोट डबली करने वाले कई सामग्री की भी बरामदगी की गई है। गिरफ्तार किए गए युवकों में नया टोला नवगछिया का रहने वाला सुबोध कुमार उर्फ प्रमोद कुमार एवम मनु कुमार वही जाली नोट डबलीग करने वाले मे मोहम्मद जाहिद, विजय पासवान और मोहम्मद बबलू उर्फ मोहम्मद सरफराज को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस वार्ता कर दी।

## पैगम्बर मौहम्मद मुस्तफा से सच्ची मोहब्बत ही सफलता की कुंजी -सज्जादानशीं , सालाना उर्स ए पाक का समापन।



बिहपुर :--सुफी संत हजरत सैयदना हुजूर मोहब्बत शाह रहमतुल्लाह अलैह एवं हजरत सैयदना हुजूर अलैहदाद शाह रहमतुल्लाह अलैह के दो दिवसीय उर्स ए पाक बडे ही धुमधाम से समापन हो गया. सुबह सात बजे से नौ बजे तक तक पैगम्बर मौहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम के मुए मुबारक की जियारत मुरीदीन जायरीन को करायी गयी।पूरा खानका परिसर मुरीदीन से भड़ा पड़ा था.दस बजे दिन से खानका परिसर मे महफिले शमा व कब्बाली का हुआ.जलसे का संचालन मौलाना साजिद रजा ने किया.उर्स ए पाक व जलसे की सदारत कर रहे खानका के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खान फरीदी एव नायव सज्जादानशी हजरत अली शब्बर खान फरीदी ने बताया कि पैगम्बर मौहम्मद मुस्तफा से सच्ची मोहब्बत ही सफलता की कुंजी है.इससे पूर्व लगातार दो देर रात तक आयोजित जलसे मे देश के कोने कोने से आये हुये औलमाए कराम ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि जो भी लोग सच्चे मने से मन्नत मागते हैं और लंगर का भोजन करते है. उनकी मुराद पुरी होती हैं।जलसे की शुरूआत हाफिज काडी आमीर आजम ने तिलावते कुरान शरीफ कर किया था. हिन्दुस्तान के मशहूर मौलाना गुलाम रसूल बलयाबी ने कहा कि खानकाहो के बलियो व वुजूरगो से सच्ची मोहब्बत और निसबत र ख न ा चाहिए।क्योंकि उनकी दुआ को खुदा कबूल करता है.खगडिया के मौलाना अबूसालेह फरीदी ने भी कहा कि औलिया ए कराम के से प्रेरणा लेना चाहिए तथा उनके बताए हुये रास्ते पर चलना चाहिए.इस अबसर पर करार खान फरीदी,पिरे तरिकत हजरत बली आलम बली नकशवंदी भागलपुर ,जिप सदस्य मोइन राईन, रहबर खान ,रहनुमा खान ,लालू खान, हस्सान खान , कैफ खान , अमानुल हक , गुलाम पंजतन , मौलाना मोबबशीर, मौलाना राकीब रजा, मौलान शमसीर आलम आदि मौजूद थे.।

## एन सी सी कैडेट्स ने रोपित किये पौधे, एन सी सी ऑफिसर जुग्गी लाल वर्मा के नेतृत्व में रोपित किये गये पौधे



आगरा (वी एन मिश्र)वृहद वृक्षारोपण अभियान महोत्सव के अंतर्गत दो यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ए के झा के द्वारा विद्यालय श्री मोती लाल इण्टर कॉलेज सैयां आगरा को प्रदान किये गए तीस पौधों और विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा द्वारा उपलब्ध कराए गए बीस पौधों को विद्यालय के एन सी सी ऑफिसर जुग्गी लाल वर्मा ने स्टॉफ एवं एन सी सी कैडेट्स के संग बरगद, पाकड़, जामुन, अनार,अमरूद, शीशम, बकाइन और नींबू के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पन्द्रह पौधों को ट्री गार्ड से कवर किया गया। समाज सेवी जुग्गी लाल वर्मा रक्षा क्रान्ति अभियान से जुड़कर पिछले पाँच वर्षो में सैकड़ो पेड़ लगा चुके हैं। रक्षा क्रान्ति अभियान के तहत धरती को हरा भरा रखने हेतु पौधों को लगाने से लेकर उसको बड़े हो जाने तक देखभाल किया जाता है। आप सभी इस अभियान से जुड़कर धरती को हरा भरा बनाने में सहयोग करे।

## कांग्रेस नेता द्वारा राष्ट्रपति को अपमान जनक शब्द कहने पर भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया



देव मणि शुक्ले ब्यूरो प्रभारी नोएडो कांग्रेस सदन के नेता अधिरंजन चौधरी ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपशब्द कहा ! इसलिए कांग्रेस के नेता अधीर रंजन ने राष्ट्रपति जी के लिए जो अपशब्द कहे हैं और उन्हें अपमानित करने का जो काम किया है उनका विरोध भाजपा ,महिला मोर्चा,नोएडा महानगर के प्रत्येक मंडल मे महिलाओ ने हाथों में छोटी- छोटी तख्तियां लेकर उन पर स्लोगन लिखकर जैसे, महा महिम राष्ट्रपति जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, अधीर रंजन माफी मांगो माफी मांगो, सोनिया गांधी शर्म करो शर्म करो, राहुल गांधी शर्म करो शर्म करो को स्लोगन लिखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन मे श्रीमती गिरीजा सिंह ,प्रदेश सोशल मिडिया प्रमुख श्रीमती सुचित्रा कक्कड़े , महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शारदा चतुर्वेदी , महामंत्री श्रीमती मधुमेरा , महामंत्री श्रीमती शिवानी शारद , कोषाध्यक्ष श्रीमती राजश्री , नीता बाजपेयी मीडिया प्रभारी (भाजपा महिला मोर्चा ) के साथ जिले की सभी पदाधिकारी बहनें उपस्थित रही। विरोध प्रदर्शन मे श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती रेनूबाला, श्रीमती पूनम सिंह , श्रीमती इंदू ,श्रीमती शिव कुमारी,श्रीमती उषा किशोर , श्रीमती पूनम राघव , श्रीमती मीना दीवाकर आदि ने विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया।

## नवगठित कार्यकारिणी महिला मोर्चा मण्डल सिंगाही का हुआ चयन

### मुख्य अतिथि द्वारा चयनित कर दिया गया मनोनयन पत्र मंडल अध्यक्ष गीता त्रिपाठी

**समाज जागरण/ ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**




सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा में बने मैरिज हाल में महिला मोर्चा मण्डल सिंगाही की नवगठित कार्यकारिणी का चयन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि (महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष)श्रीमती मंजूलता श्रीवास्तव,विशिष्ट अतिथि (जिला महामंत्री) प्रतिमा सिंह भदौरिया,एवं अन्य अतिथि गण, (जिला मंत्री) मुन्नी देवी चतुवेर्दी,महिला मोर्चा (मण्डल अध्यक्ष ओयल) मोहिनी सिंह,(मंण्डल उपाध्यक्ष सिंगाही)रवि गुप्ता,(युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री)अमन साहनी, (मंण्डल कार्यकारिणी सदस्य)डॉ उदयभान,आदि के उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि और सभी उपस्थित महिलाओं ने मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया जिसके बाद कार्यक्रम संचालन करते हुए रवि गुप्ता ने सभी का परिचय कराया फिर (जिला अध्यक्ष )श्रीमती मंजूलता श्रीवास्तव (जिला महामंत्री ) प्रतिमा सिंह भदौरिया द्वारा मंण्डल कार्यकारिणी और नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें (मण्डल अध्यक्ष) सिंगाही गीता त्रिपाठी , (उपाध्यक्ष) बसन्ती देवी,(उपाध्यक्ष) संगीता देवी, (महामंत्री)मानू गुप्ता,(मंत्री)ममता देवी, (मंत्री)मन्जू देवी,(मंत्री) चमेली देवी,(कोषाध्यक्ष) ऊषा गुप्ता,(मीडिया प्रभारी)सयानी गुप्ता, (सोशल मीडिया)पिंकी देवी, ( मंण्डल सदस्य) नीलम देवी, मोगा देवी, सुमन देवी, मंजू कश्यप, किरन देवी, राजेश्वरी देवी,कन्यावती, फताना चन्द्रकली, अर्चना देवी, आदि एवं (महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष ) रेनू सोनी और अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन पत्र ( महिला मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष) गीता त्रिपाठी द्वारा वितरित किए जाएंगे इस कार्यकारिणी का गठन करके जिला कार्यालय लखीमपुर में सूचित करें (जिला अध्यक्ष) मंजूलता श्रीवास्तव एवं (महामंत्री) प्रतिमा सिंह भदौरिया ने यह जानकारी दी इसी क्रम में उपस्थित सभी पदेन महिलाओं ने नवचयनित मंण्डल अध्यक्ष गीता त्रिपाठी को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम संचालक से कार्यक्रम समापन कराया

## शुक्रवार को नूंह में जेजेपी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला: जिलाध्यक्ष इकबाल जैलदार

### इनसो के 20वें स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर की मीटिंग

**नूंह जुबैर खान**



जिला नूंह(मेवात) में जेजेपी कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण मीटिंग की गई। जिसमें जेजेपी के वरिष्ठ नेतागण व पदाधिकारी तथा युवा व इनसो के अनेक कार्यकर्तागण मौजूद रहे। मीटिंग में डिप्टी स्पीकर जिला प्रभारी आजाद मोहम्मद भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष इकबाल जैलदार ने बताया कि आगामी 5 अगस्त को जयपुर,राजस्थान में इनसो का 20वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने व इसकी तैयारियों को लेकर 29 जुलाई को जिला मुख्यालय नूह में जेजेपी कार्यालय, नई अनाज मंडी पर शुक्रवार सुबह प्रदेश प्रधान महासचिव व इनसो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई दिग्विजय सिंह चौटाला एक महत्वपूर्ण बैठक को सम्बोधित करने आ रहे है। जयपुर में इनसो के होने वाले कार्यक्रम के लिए न्यौता देंगे। उपरोक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक जनरल बैठक पार्टी कार्यालय पर की गई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरूद्दीन,जेजेपी प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया,पूर्व प्रत्याशी तैयब हुसैन घासेडिया,पूर्व प्रत्याशी अमन अहमद,जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन,प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन व युवा प्रधान वसीम अहमद,नूंह नगर परिषद चेयरमैन संजय मनोचा,आस मोहम्मद के अलावा इनसो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साकिर हुसैन ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम को सफल बनाने की बात रखी गई। बैठक मे जिला मेवात के वरिष्ठ नेता के अलावा पूर्व जिला अल्पसंख्यक प्रधान सिराजुद्दीन सिराज,जावेद सालाहेडी,देवेंद्र भारद्वाज,वरिष्ठ नेता गणेश दास अरोड़ा,नियाजू वीरशिका,पूर्व सरपंच जगदीश सहित जिला नूंह के अनेक सक्रिय कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## असम करीमगंज जिले के दोहालिया जीपी में आजादी का अमृत महोत्सव।

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण:**

करीमगंज जिले के पाथारकान्दी विधान सभा में आजादी का अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर, एपी डीसी एल एंड एन ई ई पी सी के संयुक्त प्रबंधन के तहत आज 28 जुलाई (गुरुवार) को दोहालिया जीपी कार्यालय में शानदार अंदाज में उज्ज्वल भारत के उज्ज्वल भविष्य का जश्न मनाया गया। . कार्यक्रम की शुरूआत करीमगंज जिला डी सी मृदुल यादव, पाथारकांडी विधायक कृष्णेंदु पाल, सी ओ रूथ लिन थांग, सी ई ओ चिन्मय कुमार शर्मा बरदलोई (बदरपुर) सभी ने दीप प्रज्ज्वलित की. सुमन दास नोडेल अधिकारी (करीमगंज) द्वारा स्वागत भाषण दिया और फिर विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। वर्तमान युग में एक आवश्यक अंग के रूप में बिजली की भूमिका ऊपर बात की , विशिष्ट अतिथियों ने अपने भाषण में कहा कि वर्तमान युग में बिजली की भूमिका आवश्यक है, मिल कारखानों की समस्या को वर्तमान सरकार के प्रयासों से जारी रखते हुए हल किया गया है। दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत घर-घर बिजली कनेक्शन अपने भाषण में पाथारकांडी विधायक कृष्णेन्दु पाल ने कहा कि उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के अलावा सराहना की विभागीय कर्मचारियों के अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप भारत आज प्रगति कर रहा है. इसके अलावा, वह सही समय पर और जागरूकता के आधार पर बिजली बिलों पर सलाह देते हैं। इस अवसर पर विद्युत विभाग द्वारा तकनीकी विकास पर एक लघु नाटक का प्रदर्शन किया गया। वहीं सुरोधनी म्यूजिकल बैंड व सरगम संगीत विद्यालय ने विद्युत संरक्षण व जागरूकता पर नाटकों के साथ गीत प्रस्तुत किए। ग्राहकों से ज्ञात होता है कि पिछले वर्ष बिजली न आने के कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा था. लेकिन अब समस्याओं का समाधान कर दिया गया है। पूरे कार्यक्रम का निर्देशन पुबली दास पुरकायस्थ ने किया। बैठक के अंत में अब्दुल जाहिद मोहम्मद सुलेमान एजी एम प्रोजेक्ट (करीमगंज) विदाई भाषण दिया. शशांक शर्मा एजीएम (करीमगंज) विमान हालुई एस डी ई (पाथारकांडी) हीरा लाल रॉय, देवजीत दास, नूरुल इस्लाम तालुकदार, मृगंक दास और अन्य उपस्थित थे।




## असम लामडिंग वन विभाग की बड़ी सफलता।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः

लामडिंग रिजर्व फॉरेस्ट से एक शिकारी गिरफ्तार। युवक को रिजर्व के अंदर पेड़ काटते हुए गिरफ्तार किया गया। युवक का नाम लामडिंग क्रिश्चिटान सेटलमेंट के मनु दे है। कालू नाम का एक अन्य आरोपी फरार है। युवक को सागौन के बागान में पेड़ काटते हुए गिरफ्तार किया गया। लामडिंग रिजर्व में कई वन विध्वंसक किया हैं। कहा जा रहा है कि लामडिंग वन विभाग कर्मियों ने जांच जारी रखे हुए है।

## साधना पथ (भाग 210)



देव मणि शुक्ल

साधकों एकबार एक तोते और एक बगले में अभिन्न मित्रता हो गई ।चूंकि फेशबुक की मित्रता थी। दोनों एक दूसरे पर चैट पर घंटो बतियाते रहते, दोनों एक दूसरे के रहन सहन आचार विचार से अनविज्ञ। खैर ये




सिलासिला सालों साल चलता रहा दोस्ती अति प्रगाढ़ हो गई क्योंकि बातों के माध्यम से ही एक दूसरे का आदान- प्रदान संभव था ।कभी-कभी दोनों वीडियो कॉलिंग से एक दूसरे को हरा रंग और सफेद रंग का देखकर अति प्रसन्न हो जाते और काफी देर तक बातें करते रहते । अंतरंगता के छडों.का इंजॉय करते और अंततः अपनीअपनी बात समाप्त कर सो जाते ।

बगुला तालाब के किनारे पेड़ पर रहता था और उधर तोता एक किसान के खेत की मेड़ पर एक बडेसे वृक्ष की डाल पर घोंसला बनाकर रहता था ।

दोनों एक दूसरे से मिलते और अपनी आपस की बातें शेयर करते ,धीरे धीरे समय गुजरा , बगले और तोते जैसे पक्षी वर्ग के समान पखेरुओं का समूह बन गया। सभी समुदाय बगला तोता भाई भाई कहकर खूब मस्ती करते और अपने अपने घरौंदो को चले जाते ।समय बीतता चला गया। एक दिन बगले ने तोते को अपने निवास स्थान का पता देकर दावतनामा देने का वादा किया। अन्तोत्गत्वा एक दिन बगले ने तोते से कहा कि भाई हमारे यहां कल दावते जश्न है हम दोनों भाई भाई हैं ।अतः आप अपने समस्त फेशबुकिया मित्र समुदाय सहित हमारे यहां कल शाम दावत पर आमंत्रित हैं।

तोते ने सहर्ष दावतनामा कुबूल कर, आनन फानन सभी मित्रों को व्हाटसेप काल कर दिया। नियत समय पर सम्पूर्ण तोता बगुला भाई-भाई का नारा लगाते हुए, बगले के यहां दावत करने के लिए एक साथ चल दिये ।

आनन्द के क्षण थे, चोंच पंख लडाते , फड़फडाते जब वे तालाब पर पहुंचे ,तो बगले ने अपने मित्र के स्वागत के लिए बहुत सी मछलियां मेड़की केचुए और केकड़े खाने के लिए पेड़ के पत्तों पर सजाए हुए थे।

तोता समूह भोज स्थल पर पहुँच गया। मित्र तोते को नहीं मालूम था कि उसके मित्र का खानपान क्या है ।लेकिन मित्रता प्रगाढ़ थी उसमें कोई भेद भाव नहीं था।दावते जश्न की कतार सजी हुई थीं बड़े पेड़ के पत्तों से,उचित समय पर भोजन का अनावरण किया गया , तोतों ने जब वह सब देखा तो सब एक दूसरे का मुँह देखने लगे क्योंकि वे सब गले में कंठी धारण किए हुए,ऐसी अभोज्य वस्तुओं की तरफ आंख उठाकर भी नहीं देखते ,खाना तो बहुत दूर की बात ? मामले की गम्भीरता और ,समय की वस्तुस्थिति स्थिति भाँपते हुए उस मित्र वयोवृद्ध तोते ने स्थिति संभाली। उसने कहा भाई, बगला मित्रों आज एकादशी तिथि है मेरे समुदाय का आज व्रत है और मैं अति प्रसन्नतावस भूल गया । आपके अनुनय विनय को मैं भला कैसे ठुकराता। अतः क्षमा प्रार्थी हूँ । भाई माफ करना।, आपका भोजन ग्रहण नहीं सकता ।आपके आग्रह पर मैं चला आया और अब हम सब वापस जाते हैं , आशा है आप सब बुरा नहीं मानेंगे धन्यवाद ।।

इतना कह कर सभी दोस्त मयार्दा और शालीनता के साथ वहां से अपने स्थान को वापस लौट आए । क्यों कि सात्विक भोजन से उनके संस्कार भी विनम्र , परहित और अहिंसक थे। उधर बगुला समुदाय अति प्रसन्न हुआ कि चलो कई दिनों का भोजन हमारे पास भंडार हो गया । अच्छा ही हुआ।

समय बीतता गया, फिर दोनों समुदाय आपस में मिलकर चैट करते ,चचाएं होतीं , एक दिन तोते ने कहा , बगला भाई,

आओ कल हमारे यहां खेतों में नई फसल के उपलक्ष में प्रीति भोज कार्यक्रम है । हमारे यहां आप सब लोंगों को स्नेह निमंत्रण है । हमारें यहाँ खेतों में काफी कुछ खाने के लिए उपलब्ध हो गया है। आप हमारे यहाँ सहर्ष पधारें और हम आप को अति स्वादिष्ट सुन्दर भोजन करवाएंगे ।

निर्धारित तिथि पर बगुला समाज तोते के यहाँ, उसके निवास पर पहुंचा। वहां पर तोतों ने अच्छे-अच्छे फल मक्के के भुट्टे ,ज्वार की बाली ,काकुनी की वाली ,हरी मिर्च और मौसमी फल इत्यादि सब खाने के भोजन की सुंदर व्यवस्था पंक्ति बध्य आवर युक्त सजाई हुई थी ।

उचित समय पर भोजन का अनावरण किया गया ,कई प्रकार के घासफूशीय व्यर्थ व्यंजन बगलों ने देखे ,सब आपस मे कानाफूसी करने लगे यह भी कोई दावत है, इन्होने तो हमारा मजाक बना कर रख दिया। बगलों ने आपा खो दिया, कहते हैं जैसा अन्न वैसा मन, तामसी भोजन की वजह से उनका धैर्य और विवेक दोनों नष्ट हो गये थे। आक्रामकता और धोखा उनका शिकार करने की वजह से पैतृक गुण था ।

बगले बोले, भाई तोता इसमें तो खाने योग्य कुछ भी नहीं है । यह घास फूस खाने से हमारा भला नहीं होगा ।हम तो मृत मांस भक्षी समुदाय के लोग हैं, हमको हमारा भोजन उपलब्ध करवा सको तो बोलो ,अन्यथा मुझसे बुरा कोई नहीं होगा । हमारी भूख और अधिक बढी.तो हमारा समुदाय तुम्हारे सबके पंख नोच कर माँस की दावत उडा. डालेंगे। क्यों कि हम जानते हैं कि वक्त तुम हमें हमारा भोजन उपलब्ध नहीं करवा सकते हो। धीरे धीरे बात बिगड़ती चली गई और उधर बगलों की भूख भी अधिक तेज हो गई थी अतः बगलों ने तोतों के समुदाय पर धावा बोल दिया । स्थिति बिगड़ते देख तोतों ने जान बचाकर भागने में भलाई समझी ,सभी उड़ लिए, बगलों ने भी पीछा किया लेकिन वह उनको पा नहीं सके क्योंकि तोते 100 किलोमीटर रोज उड़ान भरने वाले और कहां बगले एक टांग पर घात लगाकर तालाब में दिन भर बैठे रहने वाले ,अतः वह खिसिआ कर वापस अपने स्थान को चले गए ।इधर शेष बचे दोनों मित्र आपस में इस कार्यवाही से बहुत क्षुब्ध थे। बगले ने अपने समुदाय की धृष्टता के लिए मित्र तोते से क्षमा मांगी और कहा कि भाई तोते हम अपने संप्रदाय से बहुत क्षुब्ध है ।आप हमें क्षमा करें।

तोते ने कहा भाई बगुला हम एक प्रजाति के जरूर है पंख आपको भी ,पंख हमारे पास भी ,चोंच आपके पास भी हमारे पास भी ,पंजे आपके हमारे एक जैसे हमारी आपकी प्रजाति एक है , हम पक्षी जरुर हैं। लेकिन हमारे रहन सहन और भोजन में बहुत बड़ी भिन्नता है ।भोजन खानपान का हमारे जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव होता है कहते हैं।

जैसा खाओगे अन्न वैसा बनेगा मन
जैसा पियोगे पानी वैसी बनेगी बानी

हमे एक दूसरे के विषय में भलीभाँति जान लेना चाहिए था तभी एक दूसरे से मित्रता का हाथ बढाऩा उचित था।

अतः हम एक दूसरे के भाई भाई तो नहीं हो सकते ,मित्रता आपसी सम्बन्धो का कोई मानदण्ड नहीं है। क्योंकि जब तक हमारे आचार विचार भोजन शैली रहन सहन और सामाजिक दृष्टिकोण नहीं मिलते हैं तब तक यह भाई भाई का खोखला पन का नारा व्यर्थ है । आप अपने जलीय क्षेत्र पर खुश रहो और मैं अपने खेत मैदान के पेड़ की डाल पर खुश हूं ऐसा कहकर तोता अपने घोंसले में बैठ कर फल खाने लगाः और बगुला अपने समूह के साथ तालाब पर शिकार को चला गया । हमारे कथानक का आशय समझ कर हमारे गुरु भाई बहनों के अलावा अन्य सामान्य मित्र गण अपने अभोज्य पदार्थों का सेवन

# पर्यावरण संतुलन एवं आर्थिक विकास की धारणाएं

सबके मन में यह विचार जरूर आएगा कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसेमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी है' इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता है' खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी है' अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है' बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला है' राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही है' विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता है' शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना है' यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है' इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगा' टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफ आदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगी' पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगा' इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं है' पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगी' इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए। यह अवधारणा यदि किसी भी समाज देश में व्याप्त होगी तभी आर्थिक विकास का पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित हो सकता है'

इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है "प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए है व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए नहीं" निर्दोष, निर्मल प्रकृति के दोहन के साथ ही मनुष्य के समाज ने अत्यधिक शोषण किया है'

प्रकृति के विनाश के साथ आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं चल सकता है' यह बात जितने जल्दी मनुष्य को, देश और पूरे विश्व समुदाय को जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना ही आर्थिक तथा पर्यावरण के संतुलन के विकास के लिए शुभ संकेत होंगे' आर्थिक विकास के वर्तमान संदर्भ को देखें तो यह बात बड़ी विचित्र किंतु सत्य प्रतीत होती है कि जब एक समुदाय को कुर्बान करने के लिए दूसरे समुदाय को लाभ पहुंचाया जाता है आर्थिक विकास के लिए योजनाएं कहीं बनती हैं, विस्थापित लोग कहीं और होते हैं और बिजली और अन्य सुविधाएं किसी अन्य जगह से आती है, जिसके परिणाम स्वरूप आर्थिक और पर्यावरण के संतुलन में अनेक विसंगतियां जन्म लेती हैं, और इससे सामाजिक आर्थिक संतुलन भी बिगड़ने की संभावना बलवती होती है' मनुष्य की स्पृहा, कामना और लालच के सामने प्रकृति भी निरुत्तर होती दिखाई दे रही है। प्रकृति के समर्पण में जो विसंगतियां और दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहे हैं उनमें जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, बढ़ते ओजोन छिद्र ,बढ़ता जलवायु परिवर्तन, पिघलते ग्लेशियर तथा बढ़ता समुद्री जल हम सबके लिए नई समस्याओं को जन्म देने का काम कर रहे हैं' आपको ऐसा नहीं लगता कि हमारे प्रकृति विरोधी कर्मों से हमारे जीवन का अस्तित्व ही खतरे में आने लगा है' इसी तरह के अनेक आसन में खतरों से निपटने के लिए आर्थिक विकास के नए मॉडलों को पर्यावरण के संतुलन के साथ जोड़ने का विकल्प हम सबके लिए एक जीवन उपयोगी मार्ग बनता नजर आ रहा है' प्रकृति के असंतुलन दोहन का सर्वोत्तम उदाहरण यूरोप के विकसित देश है जिनकी पर्यावरण असंतुलन के प्रति उदासीनता की भयावह कीमत विकासशील तथा समुद्री क्षेत्रों में सीमावर्ती तथा अल्प विकसित देशों को चुकानी पड़ रही है' हमें वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास को पर्यावरण संतुलन बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से कारगर उपाय खोज कर संपूर्ण विश्व को ग्लोबल वार्मिंग और इसके गहरे परिणामों से सुरक्षित रखना होगा, विशेषकर उन अल्प विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों को जिनकी जनसंख्या अग्रणी देशों में गिनी जाती है. पर्यावरण संतुलन तथा आर्थिक विकास के ढांचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं है'



**संजीव ठाकुर, स्वतंत्र टिप्पणी कार तथा लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# वृद्ध वयस्कों के बीच सामाजिक डिस्कनेक्ट

मनुष्य सामाजिक प्राणी हैं। एक विकासवादी दृष्टिकोण से, हमारे प्रारंभिक अस्तित्व के लिए सामाजिक संबंध आवश्यक थे, और अभी भी बहुत कुछ हैं। वास्तव में, सामाजिक जुड़ाव मानव जीवन के सबसे बुनियादी पहलुओं में से एक है और हमारी भलाई के लिए महत्वपूर्ण है। दूसरों के लिए डिस्कनेक्ट या अनदेखा महसूस करना न केवल दर्दनाक भावनात्मक अवस्थाओं को उजागर करेगा, बल्कि एक बुनियादी मानवीय आवश्यकता-संबंधितता की आवश्यकता को भी विफल कर देगा। हालाँकि, जिस तरह प्यास हमें पानी पीने के लिए एक संकेत के रूप में कार्य करती है, उसी तरह दर्दनाक भावनात्मक अवस्थाएँ हमें दूसरों के साथ अधिक संबंध बनाने के लिए एक संकेत के रूप में काम कर सकती हैं।

मौजूदा साक्ष्य इंगित करते हैं कि सामाजिक जुड़ाव का स्वास्थ्य और दीर्घायु पर एक शक्तिशाली प्रभाव है। उदाहरण के लिए, जो लोग दूसरों से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं, उनमें अवसाद, चिंता की दर कम होती है और उनमें आत्महत्या का जोखिम कम होता है। हालांकि, सामाजिक वियोग के प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं हैं। वास्तव में, सामाजिक वियोग भी हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जिसमें उच्च रक्तचाप, उच्च तनाव हार्मोन और बिगड़ा हुआ प्रतिरक्षा कार्य शामिल है।

बुजुर्गों में सामाजिक अलगाव एक बढ़ती हुई चिंता का विषय रहा है, और इसके कारणों, जोखिम कारकों और यह कैसे वरिष्ठों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, यह निर्धारित करने के लिए कई अलग-अलग अध्ययन किए गए हैं। अधिकांश अध्ययन इस बात से सहमत हैं कि अकेलापन और अलगाव उतना ही खतरनाक हो सकता है जितना कि एक दिन में 15 सिगरेट पीना या एक शराबी होना, और मनोभ्रंश के जोखिम को 64 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है। अकेलापन मृत्यु की संभावना को 26 प्रतिशत तक बढ़ा देता है। जो लोग अकेले हैं वे कम अकेले रहने वालों की तुलना में सामान्य सर्दी में 5 प्रतिशत अधिक गंभीर लक्षणों की रिपोर्ट करते हैं। समुदाय में रहने वाले 10 से 43 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक सामाजिक रूप से अलग-थलग हैं। अकेले वरिष्ठों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट का 59 प्रतिशत अधिक जोखिम होता है।

वरिष्ठों द्वारा अनुभव किया जाने वाला अकेलापन और सामाजिक अलगाव आमतौर पर निम्न-गुणवत्ता वाले सामाजिक संबंधों या इन संबंधों की पूरी तरह से कमी के कारण होता है। हालांकि, कई अन्य चीजें हैं जो इन मुद्दों का कारण बन सकती हैं, जैसे कि 80 या उससे अधिक उम्र का होना, पुरानी स्वास्थ्य समस्याएं होना और पारिवारिक ढांचे में बदलाव। सेवानिवृत्ति, मित्रों और परिवार की मृत्यु, और गतिशीलता की कमी के कारण हम उम्र के रूप में सामाजिक संपर्क कम हो जाते हैं।

बुजुर्ग नागरिकों के लिए सामाजिक अलगाव के अन्य कारणों में निम्नलिखित शामिल हैंः

- विकलांगता
- अकेले रहने की बाध्यता
- सीमित वित्त सहायता
- शारीरिक गतिशीलता में कमी
- आस-पास में किसी परिवार वाले का नहीं होना
- शादी और साथी से वंचित (तलाकशुदा, अलग, या विधवा)
- परिवहन की चुनौतियाँ

ड्ट शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहने में असमर्थता
ड्ट ग्रामीण जीवन या हाशिए के समूह का हिस्सा होने के कारण पहुँच और असमानता की कमी
ड्ट खराब स्वास्थ्य जिसमें अनुपचारित श्रवण हानि, दुर्बलता और खराब मानसिक स्वास्थ्य का शामिल होना
ड्ट सामाजिक बाधाएँ जैसे कि उम्रवाद और वृद्ध वयस्कों के लिए शामिल होने और योगदान करने के अवसरों की कमी

सामाजिक अलगाव और अकेलापन तभी कम होगा जब एक बहु-हितधारक, बहु-क्षेत्रीय प्रयास में प्रभावी हस्तक्षेप और रणनीतियों को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा। इसके लिए प्रभावी हस्तक्षेपों और रणनीतियों (मौजूदा या नए) की पहचान की आवश्यकता होगी और जनसंख्या स्तर पर प्रभाव प्राप्त करने के लिए उन्हें बढ़ाने के लिए आवश्यक सभी कारकों को संबोधित करना होगा, जिसमें निरंतर मूल्यांकन और अनुकूलन का चक्र, हस्तक्षेप लागत और लाभों का अनुमान, हस्तक्षेपों को अपनाना शामिल है।

सामाजिक अलगाव और अकेलापन, जो विश्व स्तर पर वृद्ध लोगों की आबादी के काफी अनुपात को प्रभावित करता है, उनके जीवन को छोटा कर देता है और उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य और उनकी भलाई पर भारी असर डालता है। कोविड-19 और परिणामी लॉकडाउन और शारीरिक दूरी के उपाय वृद्ध लोगों के जीवन में सामाजिक संबंधों के महत्व की एक कड़ी याद दिलाते हैं। संयुक्त राष्ट्र स्वस्थ उम्र बढ़ने का दशक 2021-2030 संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और सभी क्षेत्रों में हितधारकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, क्षेत्रीय स्तर पर, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर एक साथ कार्य करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है ताकि वृद्ध लोगों के बीच सामाजिक अलगाव और अकेलेपन को कम किया जा सके।

आने वाले दशकों में बुजुर्ग आबादी की वृद्धि अपने साथ देश भर में रुग्णता और मृत्यु दर का अभूतपूर्व बोझ लाएगी। भारतीय बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य तक पहुँच की प्रमुख चुनौतियों में लिंग और सामाजिक असमानता के अन्य अक्षों (धर्म, जाति, सामाजिक आर्थिक स्थिति और इससे जुड़े कलंक) के आकार की सामाजिक बाधाएँ शामिल हैं। शारीरिक बाधाओं में गतिशीलता में कमी, सामाजिक जुड़ाव में गिरावट और स्वास्थ्य प्रणाली की सीमित पहुँच शामिल है। स्वास्थ्य सामर्थ्य की बाधाओं में आय, रोजगार और संपत्ति की सीमाएँ, साथ ही भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य व्यय के लिए दी जाने वाली वित्तीय सुरक्षा की सीमाएँ शामिल हैं।

भारत की राष्ट्रीय आबादी में वृद्ध लोगों की तेजी से बढ़ती हिस्सेदारी के साथ, वृद्ध व्यक्ति भी मुख्यधारा में अपने उचित हिस्से के लिए संघर्ष करते दिख रहे हैं। वे केंद्र स्तर पर अपना हिस्सा हथियाने के लिए उतावले हैं और राष्ट्रीय क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दिखाना चाहते हैं। पिछले दशकों के विपरीत, वृद्ध लोगों की प्रोफाइल में काफी बदलाव आया है। इनमें शिक्षित, सक्रिय, सक्षम, अनुभवी, अच्छी तरह से सूचित और अच्छी तरह से स्थापित वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं। उनके प्रोफाइल में नाटकीय बदलाव के साथ, जरूरतों के बारे में उनकी धारणाएँ और इसलिए, अधिकार भी आश्चर्यजनक रूप से बदल गए हैं।

भारत में जनसंख्या के इस वर्ग की अभूतपूर्व वृद्धि दर के कारण वृद्धावस्था से संबंधित मुद्दे बड़ी चुनौतियों में बदल रहे हैं। मजबूत राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति के सहारे सुविचारित नीतियों और उनके कार्यान्वयन की सख्त जरूरत है। हाल ही में, सरकार ने कई कदम उठाए हैं और अपने हितधारकों को अपने सामाजिक एजेंडे में वृद्ध लोगों को शामिल करने का निर्देश दिया है। वर्षों से वृद्ध लोगों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

ऐसा लगता है कि हमारी सरकारों पर देश में 100+ मिलियन बुजुर्गों के मुद्दों को हल करने का दबाव बढ़ रहा है। तेजी से बदलती सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों और पारंपरिक मूल्य प्रणालियों को फिर से परिभाषित करने के साथ, अधिकांश बुजुर्गों को सामाजिक समर्थन आधार के बिना प्रदान किया जाता है और अधिकांश वृद्ध लोग खुद को प्राप्त करने वाले अंत में पा रहे हैं।


सामाजिक सुरक्षा प्रणाली, वृद्धावस्था स्वास्थ्य देखभाल, वृद्ध लोगों का सशक्तिकरण और वृद्ध लोगों के मानवाधिकारों की सुरक्षा ज्वलंत मुद्दे हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने की आवश्यकता है। ऐसे ढांचे को तैयार करने की तत्काल आवश्यकता है जो समाज में बुजुर्गों के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित कर सके, जहाँ लोग अपने बुढ़ापे में सम्मान और अनुग्रह के साथ जीवन व्यतीत कर सकें। वृद्ध लोगों की तेजी से बदलती जरूरतों और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने और फैलाने, युवा पीढ़ी को बुढ़ापे से संबंधित मुद्दों के बारे में शिक्षित करने और विभिन्न मीडिया के माध्यम से वृद्ध लोगों को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। यह सब बड़े पैमाने पर समाज को मुद्दों को समझने, अतीत से सीखने और भविष्य के लिए योजना बनाने में मदद करेगा।



**सलिल सरोज कार्यकारी अधिकारी लोक सभा सचिवालय नई दिल्ली**

## गणेश गीता (गीता भाग 127)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



**विश्वनाथ त्रिपाठी**

गणेश गीता का विश्राम हो चुका अब हम सब यम गीता का अध्ययन करेंगे`

वैसे तो पुराण वांग्मय में अनेक प्रकार की यम गीता का उद्धरण आता है लेकिन श्री विष्णु पुराण में निहित यम गीता को हम सब अब पढ़ने का प्रयास करेंगे जो परम कल्याणकारी है` इसमें स्वयं यमराज ने अपने दूतों को स्वयं बताया है कि तुम्हें किन जीवात्माओं के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए`

श्री मैत्रेय उवाच

सप्तद्विपानि पाताल विधयश्च महा मुने`
सप्त लोकश्च येऽन्तसथा
ब्रह्मांडस्य अस्य सर्वथा`

श्री मैत्रेय जी ने अपने गुरू पाराशर जी से पूछा` हे गुरुदेव! इस वसुंधरा पर विद्धमान सातों द्वीप ,सातों पाताल ,और सातों लोक ,जो भी संस्थान ब्रह्मांड के अंतर्गत हैं --

स्थूलैः सूक्ष्मैस्तथा,
सूक्ष्मसूक्ष्मात्सूक्ष्मैस्तथा
स्थूलातस्थूतरैश्चैव
सर्वप्राणिभिरावृत`

स्थूल सूक्ष्म ,सूक्ष्मतर ,,अति सूक्ष्म, स्थूल और स्थूलता सभी प्राणी इसी ब्रह्मांड में निवास करते हैं`




अंगुलस्याष्टभागोऽपि
न सोऽस्ति मुनि सत्यमे

न संति प्राणियों यत्र,
कर्म बंधनि बंधनाः

हे मुनि श्रेष्ठ ! एक अंगुल आठवां भाग। भी कोई ऐसा नहीं है जहां कर्म बंधन से बंधे जीव न रहते हों`

सर्वे चैते वशं यांति ,
यमस्य भगवन् किल`
आयुषोऽन्ते तथा यान्ति,
यातनास्तत्प्रचोदिताः`

किंतु हे प्रभो ! आयु के समाप्त होने पर ये सभी यमराज के वशीभूत हो जाते हैं ,उन्हीं के आदेशानुसार स्वर्ग के सुख व नरक के नाना प्रकार के कष्ट भोगते हैं`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## बैक का बकाया न जमा करने पर तहसीलदार चंदौसी मोनालिसा जौहरी ने 02 बाक ीदारो को भेजा जेल

### तहसीलदार ने चलाया राजस्व वसूली अभियान

दैनिक समाज जागरण बहजोई/ चन्दौसी। तहसीलदार चन्दौसी मोनालिसा जौहरी ने जब से तहसील चन्दौसी का चार्ज लिया है तब से वह लगातार अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही कर रही है तथा राजस्व वसूली का अभियान चलवा कर राजस्व वसूली करवा रही है। तहसीलदार चन्दौसी ने आज सुबह से ही राजस्व वसूली अभियान चलाया जिसमे भूमि विकास बैंक के मैनेजर भूदेव व सहकारी कुर्क अमीन रामकृपाल जी को साथ लेकर वह एल.डी. बी. बैक का बकाया ना जमा करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही कर दी। तहसीलदार मोनालिसा जौहरी राजस्व अमीन व बैक कर्मचारियों के साथ ग्राम अर्जुनपुर खुर्द पहुँच गयीं जहाँ पर उन्होंने राम खिलाड़ी पुत्र महावीर नि०-अर्जुनपुर खुर्द का 3,42,130 रुपए भूमि विकास बैंक का व ओमकार पुत्र बाबू नि०- जैतपुर पर भूमि विकास बैंक का 2,75,554 का बकाया जमा न करने पर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तहसीलदार चंदौसी मोनालिसा जौहरी के द्वारा बाकीदारो को जेल भेजे जाने पर बाक ीदारो में हड़कंप मच गया। तहसीलदार मोनालिसा जौहरी की त्वरित कार्यवाही की क्षेत्र की जनता जमकर प्रसंशा कर रही है। क्षेत्र की जनता का कहना है कि त्वरित कार्यवाही करने वाली तेज तर्रार तहसीलदार पहली बार चन्दौसी तहसील में आई है। तहसीलदार मोनालिसा जौहरी ने बताया कि राजस्व वसूली में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। यदि बाक ीदार बकाया जमा नही करेगा तो गिरफ्तारी वारंट जारी कर जेल भेजने की कार्यवाही अमल में लायी जाएगी तथा संबंधित की संपत्ति को कुर्क कर बकाया वसूल किया जाएगा।



## मुकदमों की बेहतर पैरवी करें शासकीय अधिवक्ता-जिलाधिकारी

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में अपराध एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में शासकीय अधिवक्ताओं (सिविल/फौजदारी) एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, गोवंश निवारण अधिनियम, गैंगेस्टर एक्ट, आईपीसी/सीआरपीसी के अन्तर्गत दर्ज मुकदमों, आबकारी अधिनियम, पास्को एक्ट, एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत दर्ज मुकदमों के निस्तारण की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि गम्भीर धाराओं में दर्ज मुकदमों की प्रभावी पैरवी की जाये तथा शासन के मंशा के अनुरूप अपराधियों को सजा दिलवायी जाये। शासकीय अधिवक्ताओं से विगत 03 माह के मुकदमों के निस्तारण की समीक्षा करने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया शासकीय अधिवक्ता मुकदमों की प्रभावी पैरवी करें तथा प्रतिमाह निस्तारण योग्य मुकदमों को चिन्हित कर उन मुकदमों में विवेचना के स्तर पर तथा अभियोजन के स्तर पर इसका परीक्षण कर लिया जाये ताकि कोई भी अपराधी छूट न पाये। जिलाधिकारी ने सभी शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि उनके द्वारा प्रतिमाह मुकदमों के सम्बन्ध में प्रगति रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाती है, मुकदमों के निस्तारण में काफी विलम्ब हो रहा है जिस पर शासन द्वारा गम्भीर चिंता व्यक्त की गयी है। जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिये यदि विवेचना के स्तर पर कोई सहयोग चाहिये तो पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को अवगत करा सकते है किन्तु लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। उन्होने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देशित किया कि जिन शासकीय अधिवक्ताओं के पिछले तीन माह में प्रगति सन्तोषजनक नही है उन्हें कारण बताओ नोटिस निर्गत की जाये और उनके द्वारा दिये गये प्रतिउत्तर को शासन को प्रेषित किया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, संयुक्त निदेशक अभियोजन हवलदार सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, डीजीसी योगेश कुमार शर्मा, शासकीय अधिवक्ता फौजदारी/सिविल, सभी अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरबीट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु 07 अगस्त को होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुपम दूबे ने बताया है माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय के निर्देशन में दिनांक 07 अगस्त 2022 (रविवार) पूर्वान्ह 10 बजे से आरबीट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। आरबीट्रेशन विशेष लोक अदालत के सम्बन्ध में प्रत्येक थाना, तहसील, ब्लाक में प्रचार प्रसार हेतु सूचना प्रेषित की जा रही है कि वह अधिक से अधिक आरबीट्रेशन वादों का निस्तारण विशेष लोक अदालत में करायें। उन्होने कहा है कि जिन वादकारियों के मुकदमें आरबीट्रेशन के है वह अपना निस्तारण आयोजित विशेष लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है। वादकारी अपने न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को विशेष लोक अदालत में सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाये।

## अमेठी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**समाज जागरणमनोज यादव ब्यूरो अमेठी***

अमेठी कोतवाली पुलिस ने 07 चोरियों का खुलासा करते हुए 01 अदद अवैध तमंचा, 01 अदद कारतूस 12 बोर, 01 स्पिलिट एसी, 01 अदद इन्वर्टर, 01 अदद बैट्री, 01 ब्लोवर, 01 अदद रूम हीटर, 8900 रुपए नगद, 04 अदद मोबाइल फोन आदि के साथ 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एएसपी अमेठी विनोद कुमार पांडेय ने मीडिया को बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दो तीन महीने से चोरिया कर रहे थे और अब तक सात चोटियां कर चुके हैं। एक हफ्ते पहले बैंक ऑफ बड़ौदा नौगिरवा में भी चोरी करने का प्रयास किए थे लेकिन सफलता नहीं मिली। अभियुक्तों ने बताया कि जिन घरों में कोई नहीं होता था बाइक से उनकी पहले रेकी करते थे और बाद चोरी की घटना को अंजाम देते थे। बरामद ये सारे सामान इन्ही सातों चोरियों के हैं। चोरी किए गए सामानों को स्विफ्ट डिजायर कार में रख लेते थे जिससे किसी को पता नहीं चल पाता था। ये सातों चोरियां अमेठी कोतवाली क्षेत्र में की गई थी।एएसपी ने बताया कि अभी एक अभियुक्त अभी फरार चल रहा है, शीघ्र ही उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।



## फांसी के फंदे पर झूलकर महिला ने गवाई जान

शशिकांत ओझा दैनिक समाज जागरण बलिया : सहतवार थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव निवासी वृंदा देवी (50) पत्नी बलिराम खरवार गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने जब फांसी लगाया वह घर में अकेली थी। घर के सभी लोग खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। अपरान्ह करीब 2:00 बजे महिला की बेटी घर पर आई तो फंदे से झूलती मां को देखकर चिल्लाने लगी। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला ने फांसी क्यों लगाई पुलिस इसकी जांच कर ही रही है गांव में भी इसकी चर्चा है।

## संभल की पहचान और प्रसिद्धि कल्कि भगवान से-ऋषिराज गिरि

दैनिक समाज जागरण संभल। हिंदू जागृति मंच की ओर से श्री कैला देवी धाम में कल्कि जयंती मना कर अपने विचार व्यक्त किए। भगवान श्री कल्कि की जय जय कार की। सामूहिक आरती उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

श्री कैला देवी धाम में भगवान श्री कल्कि जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। प्रारंभ में हरिहर सेना के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिराज गिरि तथा हिंदू जागृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने भगवान श्री कल्कि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया एवं पुष्पार्चन किया गया। सभी भक्तों ने श्रद्धा भाव और आस्था के साथ जय कल्कि जय जगतपते, पद्मापति जय रमापते। बीज मंत्र का 108 बार गायन किया। तत्पश्चात कैला देवी धाम के महंत तथा अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के संस्थापक एवं अध्यक्ष ऋषिराज गिरि महाराज ने कहा जिस प्रकार अयोध्या की पहचान और प्रसिद्धि भगवान राम से तथा मथुरा की पहचान और प्रसिद्धि भगवान कृष्ण से तथा काशी की पहचान और प्रसिद्धि भगवान शिव से है। ठीक उसी प्रकार संभल की पहचान और प्रसिद्धि केवल और केवल भगवान श्री कल्कि विष्णु से है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कल्कि विष्णु की जन्मभूमि होने के कारण तथा देव निर्मित 68 तीर्थ और 19 कूप होने के कारण संभल जैसी पवित्र स्थली दुनिया में अन्यत्र कहीं नहीं है।



हिंदू जागृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार त्रेता में भगवान राम का अवतार हुआ द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का अवतार हुआ ठीक उसी प्रकार कलयुग के अंतिम चरण में भगवान श्री कल्कि का अवतार संभल की धरा पर होगा। उन्होंने इसी तर्क आस्था और जन विश्वास के घर पर संभल के प्रशासन और शासन से संभल को पर्यटन स्थल घोषित करने कराने में अपने अधिकार का उपयोग करने की मांग की। संतोष कुमार गुप्ता, अजय कुमार शर्मा, संदीप अग्रवाल नवाब, राजेश कुमार गुप्ता, नितिन कुमार शर्मा अमित अग्रवाल, नितोश अग्रवाल, अनुराग गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि ने भगवान श्री कल्कि विष्णु को समर्पित अपने विचार रखकर कल्कि जयंती समारोह को सार्थक किया। आयोजित सत्संग कीर्तन में अनेक भक्तों ने भाग लिया। अपने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत ऋषि राज गिरि ने की। संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदयवीर सिंह ने किया।

## समूह की महिलाएं बन रही तिरंगा



समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी अमेठी शाहगढ़ आजादी का अमृत महोत्सव धूम धाम से मनाने के लिए सरकार हर घर तिरंगा फहराने की व्यवस्था बनाई है। और जिसकी तैयारी भी युद्ध स्तर पर चल रही है। सरकार समूह की महिलाओं को तिरंगा झंडा तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी है जिसका उन्हें की उचित कीमत मिलेगी २० इंच लम्बा और 30 इंच चौड़ा बनने वाले झंडे की कीमत 25 रुपया प्रति झंडा महिलाओं को उनके समूह के खाते पर भेजी जाएगी क्षेत्र के ऊं जय शंकर स्वयं सहायता समूह जय मां अम्बे , मिलन हमारा परिवार आदि समूह कि किरन सिंह खुशबू , कुसुम श्वेता सहित दर्जन भर महिलाएं तिरंगा

## बिहारेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक हेतु द्वितीय बैठक संपन्न



समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:- प्रतापगढ़ जनपद के बाघराय थाना क्षेत्र के रामदासपट्टी बिहार में स्थित बिहारेश्वरनाथ धाम मंदिर का जलाभिषेक हेतु द्वितीय बैठक हुआ सम्पन्न। बिहारेश्वरनाथ धाम में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी दिनांक 03/08/2022 को होने वाली जलाभिषेक के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में यह भी आदेशित किया गया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देश पर कार्यक्रम किया जाएगा।कार्यक्रम में राजेश साहू, राजू केसरी,राजेश केसरवानी , राज ,दीपू सरकार, मनोज,सोनू, जितेंद्र, पवन आदित्य पांडे ,शैलेन्द्र,मोहित, सौरभ सिंह, अजीत,अंकित,अखिलेश, कमलेश,राजा,सुरेश मोदनवाल, अर्जुन आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने पीएम स्वनिधि योजना एवं पंजीकृत श्रमिकों के गोल्डेन कार्ड निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में की बैठक

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम स्वनिधि योजना एवं उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड/श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों के गोल्डेन कार्ड जारी किये जाने के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत आवेदन पत्र बैंक स्तर पर लम्बित होने, ऋण स्वीकृत में विलम्ब किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि जिन बैंकों में पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत आवेदन लम्बित होने एवं ऋण स्वीकृत करने में लापरवाही बरती गयी है उन बैंक शाखाओं के प्रबन्धकों के विरूद्ध राज्य स्तरीय बैंक समन्वय समिति एवं बैंक के उच्चाधिकारियों को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जाये तथा सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आवास जहां पर प्रथम किस्त निर्गत कर दी गयी है और अभी तक आवास नही बनाये गये है इसकी समीक्षा करके आवासों को पूर्ण करायें और यदि कोई आवास गलत पाया जाता है तो चयनित करने वाली संस्था तथा सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यो की भी समीक्षा की और नगर पालिका/समस्त नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों निर्देश दिया विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल पूर्ण करायें।

बैठक में जिलाधिकारी ने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा की और सहायक श्रमायुक्त आर0के0 पाठक को निर्देशित किया कि पंजीकृत श्रमिकों की सूची मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय व सीएससी एवं राशन की दुकानों में उपलब्ध करा दी जाये जिससे लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जा सके, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, सहायक श्रमायुक्त आर0के0 पाठक, एलडीएम अमित बाजपेयी, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, समस्त अधिशासी अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुर्क व सील मकान के दूसरी मंजिल का दरवाजा खुला, मकान मालिक ने जताई चोरी की आशंका

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी** अमेठी : अमेठी के ककवा रोड रेलवे क्रॉसिंग पार रायपुर फुलवारी में पुलिस द्वारा कुर्क व सील किए गए मकान के दूसरी मंजिल के सामने का दरवाजा टूटा पाए जाने पर मकान मालकिन श्रीमती सुधा सिंह ने मकान में चोरी किए जाने की आशंका जताते हुए डीएम अमेठी को प्रार्थनापत्र देकर सक्षम अधिकारी द्वारा जांच कराए जाने की मांग की है। श्रीमती सुधा सिंह ने प्रार्थनापत्र में लिखा है कि 23 अप्रैल 20200 को जिलाधिकारी के आदेश पर मकान को सील किया था। 27 जुलाई की शाम उनके पड़ोसी ने उन्हे फोन कर बताया कि उनके दूसरी मंजिल का दरवाजा खुला हुआ है। सूचना पर श्रीमती सुधा सिंह अपने गांव से आकर पड़ोसी के छत से जाकर देखा तो दरवाजा खुला पाया गया। इसकी सूचना फोन से तत्काल सुधा सिंह ने डायल 112, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अमेठी और तहसीलदार अमेठी को देते हुए एक प्रार्थनापत्र जिलाधिकारी अमेठी को देकर जांच करवाने की मांग की है।

सुधा सिंह ने आशंका जताई है कि सील किए गए मेरे मकान में कीमती चीजें थीं जिनकी चोरी की गई है। उन्होंने कहा कि सक्षम अधिकारी द्वारा जांच करवाई जाए जिससे क्या हुआ है, ये स्पष्ट हो सकेगा।

इस संबंध तहसीलदार अमेठी से बात करने पर उन्होंने कहा कि किसी के द्वारा फोन से सूचना दी गई थी, मैने पुलिस को सूचना देकर मामले की जांच करने को कहा है।कुर्क व सील मकान के दूसरी मंजिल का दरवाजा खुला, मकान मालिक ने जताई चोरी की आशंका*

अमेठी : अमेठी के ककवा रोड रेलवे क्रॉसिंग पार रायपुर फुलवारी में पुलिस द्वारा कुर्क व सील किए गए मकान के दूसरी मंजिल के सामने का दरवाजा टूटा पाए जाने पर मकान मालकिन श्रीमती सुधा सिंह ने मकान में चोरी किए जाने की आशंका जताते हुए डीएम अमेठी को प्रार्थनापत्र देकर सक्षम अधिकारी द्वारा जांच कराए जाने की मांग की है। श्रीमती सुधा सिंह ने प्रार्थनापत्र में लिखा है कि 23 अप्रैल 20200 को जिलाधिकारी के आदेश पर मकान को सील किया था। 27 जुलाई की शाम उनके पड़ोसी ने उन्हे फोन कर बताया कि उनके दूसरी मंजिल का दरवाजा खुला हुआ है। सूचना पर श्रीमती सुधा सिंह अपने गांव से आकर पड़ोसी के छत से जाकर देखा तो दरवाजा खुला पाया गया। इसकी सूचना फोन से तत्काल सुधा सिंह ने डायल 112, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अमेठी और तहसीलदार अमेठी को देते हुए एक प्रार्थनापत्र जिलाधिकारी अमेठी को देकर जांच करवाने की मांग की है।

सुधा सिंह ने आशंका जताई है कि सील किए गए मेरे मकान में कीमती चीजें थीं जिनकी चोरी की गई है। उन्होंने कहा कि सक्षम अधिकारी द्वारा जांच करवाई जाए जिससे क्या हुआ है, ये स्पष्ट हो सकेगा।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में मनाया गया पारंपरिक त्योहार हरेली और विश्व स्तरीय खेल दिवस में प्रथम आये छात्रों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण संवाददाता**
**विवेक देशमुख**

मस्तूरी। हरेली हमारे छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार है जिसके अवसर पर गेडी खेल का आयोजन किया जाता है। विश्व स्तरीय खेल दिवस के अवसर पर शाला में विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया तथा हरेली के इस पावन अवसर पर बच्चों ने बहुत ही उत्साहवर्धन के साथ गेडी चढ़कर इस त्यौहार को मनाया।




शाला में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा का परिणाम बहुत ही उत्कृष्ट रहा। बात की जाए तो कक्षा 12 वी साइंस से सानिध्य सिंह ने 90% से ज्यादा अंक हासिल किये साथ ही साथ सानिध्य ने खएए टअक्ठ 99.44 परसेंटाइल व सीजी पीईटी में छत्तीसगढ़ में टॉप 5 में स्थान बनाकर शाला परिवार को गौरवान्वित किया इनके साथ ही साथ साइंस में प्रखर श्रीवास्तव कॉमर्स में तृप्ति साहू व पल्लवी कैवर्त ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक नबर प्राप्त किये इनके साथ कक्षा 10वी का परिणाम 100% रहा जिसमें अमन टंडन व अलीशा पटेल ने सबसे ज्यादा नबर प्राप्त किये। शाला की प्राचार्य श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव ने हरेली के शुभ अवसर पर इन विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देते हुए उनका सम्मान किया। विश्व स्तरीय खेल दिवस के अवसर पर छोटे बच्चों को भी बहुत ही रोमांचक खेलों के साथ इस दिवस को मनाने का अवसर मिला और साथ ही शाला के बड़े विद्यार्थियों ने भी विभिन्न प्रकार के खेलों में हिस्सा लिया और खेलों का आनंद ले कर अपने जीवन को स्वस्थ रखने की एक सीख हासिल की।

## कोटेदार ने महिलाओं से किया गाली गलौज

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी** अमेठी तिलोई का मामला थाना क्षेत्र मोहनगंज गांव चेतरा बुजुर्ग का पुरवा का है जहां कोटेदार के खिलाफ जनता में आक्रोश व्याप्त है जहां जनता ने कोटेदार के आरोप लगाया कि वही महिला श्यामा देवी स्वार्गीय छेदी ने आरोप लगाया कि राशन लाने गई तो कोटेदार और उसके पत्नी ने प्राथनी को गाली गलौज दिया तथा मारने की धमकी दिया और वहां से राशन दिये बगैर भगा दिया कोटेदार द्वारा मुझसे तीन बार अंगूठा लगवा लिया फिर भी एक बार राशन नहीं मिला जब लेने जाओ तब भी कहते की बाद में आओ वही श्यामा देवी एसडीएम को लिखित प्रार्थना पत्र दिया वही एसडीएम से कार्यवाही करने की मांग किया ।

## घूम धाम से मना बिजली महोत्सव



समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी अमेठी आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर चल रहे अमृत महोत्सव के तहत जनपद में बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन एच ए एल कोरवा के कल्याण मंडप में धूमधाम से किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि व मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार विद्युत मंत्रालय द्वारा रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम ( पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना ) लागू की जा रही है जिसके तहत 3 लाख 3758 करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी हे इसके अन्तर्गत पूरे भारत में 25 करोड़ नये कनेक्शन दिये जायेगें स्मार्ट मीटर लगाये जायेगें और बिजली की आधारभूत समस्याओं को दूर किया जायेगा। कृषि फीडर और सौर ऊर्जा से संचालित किया जायेगा ।

## गांव के विकास कार्यों का सत्यापन करेगी अफसरों की टीम

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़**:झग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्यों में लगातार अनियमितता की शिकायतें आ रही हैं। इसमें से कई शिकायतों की जांच में अनियमितता की पुष्टि भी हो चुकी है। ऐसे में प्रशासन की ओर से जिले की सभी ग्राम पंचायत में एक वर्ष के अंदर कराए गए कार्यों का सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रत्येक गांव में अफसरों की तीन सदस्यीय टीम नामित होगी और अभियान के तहत प्रत्येक गांव के विकास कार्यों का सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन करने वाले अफसर प्रत्येक कार्य का विवरण व उस पर खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत करेंगे। साथ ही कार्य संतोषजनक है अथवा नहीं इसकी पुष्टि भी करेंगे। जांच अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर खामियां मिलने पर सम्बंधित अफसरों से सरकारी धन की रिकवरी कराने के साथ कार्रवाई की जाएगी।

## भाषा चिंतन की भारतीय परंपरा विषयक एकल व्याख्यानमाला आयोजित

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ हिन्दुस्तानी एकेडेमी के तत्वावधान में आज एकेडेमी स्थित गाँधी सभागार में डॉ उदयनारायण तिवारी स्मृति व्याख्यानमाला के अन्तर्गत ह्यभाषा चिंतन की भारतीय परंपराह्ण विषयक एकल व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती जी की प्रतिमा एवं डॉ उदयनारायण तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



कार्यक्रम के प्रारम्भ में एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न और शॉल देकर किया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी से आये प्रो. प्रभाकर सिंह ने डॉ उदयनारायण तिवारी के भाषा अध्यापन के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश पर डालते हुए कहा ह्य भारतीय भाषा चिंतन की परंपरा बेहद समृद्ध और समावेशी है। ह्यपाणिनी को भारतीय भाषा चिंतन की परंपरा का पितामह कहा जा सकता है। हिन्दी भाषा चिंतन पर संस्कृत भाषा चिंतन का गहरा असर है। औपनिवेशिक युग में भारतीय भाषा चिंतन की समावेशी परंपरा को छिन्न-भिन्न कर प्रस्तुत किया गया। नागरी प्रचारिणी सभा काशी, भारतीय भाषा परिषद, प्रयाग और हिन्दुस्तानी एकेडेमी से जुडे.भारतीय भाषा चिंतकों ने भारतीय भाषा चिंतन की परंपरा का पुनर्नवीकरण किया। भारतीय भाषा चिंतन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करने वाले चिंतकों में कामता प्रसाद गुप्त, किशोरी दास बाजपेई, रामविलास शर्मा, धीरेन्द्र वर्मा, बाबूराम सक्सेना और उदय नारायण तिवारी का नाम प्रमुख है। अद्यतन यह परंपरा हरदेव बाहरी से होते हुए रामकिशोर शर्मा तक आती है। । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. राम किशोर शर्मा (पूर्व विभागाध्यक्ष - हिन्दी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ने कहा कि ह्यभारतीय भाषा चिंतन में काशी और प्रयाग के विद्वानों का महती योगदान रहा है। काशी से श्याम सुंदर दास और प्रयाग से धीरेंद्र वर्मा इसके वाहक रहे हैं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ उदयनारायण तिवारी का भाषा-विज्ञान के क्षेत्र मे विशेष योगदान था उनकी स्मृति में हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रत्येक वर्ष 28 जुलाई को ह्यडॉ उदयनारायण तिवारी स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन करती है इसी क्रम में आज व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। हिन्दुस्तानी एकेडेमी का हमेशा से यह प्रयास रहता है कि साहित्य के प्रत्येक क्षेत्र के विद्वानों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को आम जनमानस तक पहुँचाया जाय। व्याख्यानमाला का संचालन एकेडेमी की प्रकाशन अधिकारी ज्योतिर्मयी ने किया। कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्धानों में राम नरेश तिवारी ह्यपिण्डीवासाह्ण, डॉ. सभापति मिश्रा, डॉ. श्लेष गौतम, डॉ. विनम्रसेन सिंह, डॉ. शन्ति चौधरी, एम.एस. खान, विवके सत्याशु, डॉ. पुर्णिमा मालवीय सहित शोधार्थी एवं शहर के गणमान्य आदि उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का किया गया आयोजन

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

सांस्कृतिक प्रतिभा खोजह्णह्ण आयोजन के प्रथम दिन विभिन्न विधाओं के 18 सांस्कृतिक दलों के द्वारा किया गया प्रतिभाग प्रतिभागी कलाकारों के द्वारा अपनी प्रतिभा का किया गया प्रदर्शन

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत गुरूवार को विकास भवन के सरस सभागार में आयोजित ह्यह्यसांस्कृतिक प्रतिभा खोजह्णह्ण आयोजन के प्रथम दिन विभिन्न विधाओं के 18 सांस्कृतिक दलों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सांस्कृतिक दलों के कलाकारों के द्वारा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोकनाट्य, रामलीला, रासलीला, भजन एवं कीर्तन, ललित कला आदि का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन में शेष बचे हुए सांस्कृतिक दलों का ऑडिशन/प्रदर्शन 30 जुलाई, 2022 को किया जायेगा।



## संक्षिप्त न्यूज

### पटना रांची रोड पर मोटरसाइकिल सवार की सड़क दुर्घटना में मौत

**समाज जागरण नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादा:जिले के अकबरपुर में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 31 पर नवादा-रजौली मुख्य मार्ग पर फतेहपुर मोड के समीप बुधवार रात्रि ट्रक व बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर हो गई। बाइक सवार की पहचान



रजौली थाना क्षेत्र के खजुरी बिगहा निवासी मुसाफिर प्रसाद के पुत्र 26 वर्षीय लोकेश कुमार के रूप में की गई।

वह बाइक पर सवार होकर नवादा से अपने घर खजुरी बिगहा लौट रहा था। इसी क्रम में अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने युवक के मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद युवक की मौत हो गई। ट्रक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर घटना की जानकारी अकबरपुर पुलिस को दिया।

वहीं शव के सड़क पर रहने के कारण सड़क जाम हो गया। राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या 31 पर फोरलेन के काम चल रहा है। बारिश होने के कारण सड़क कीचड़मय हो गया जिससे कई बाईक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। आधा घंटा के अंदर जाम भी हटा दिया गया. जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की पहचान की गई है परिवार वाले को भी सूचना दिया गया है।

### बीडीओ ने किया डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा

**समाज जागरण**

कौआकोल। मुख्य सचिव,बिहार एवं नवादा डीएम के निर्देश के आलोक में प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को पंचायतों का औचक भ्रमण सह निरीक्षण कार्यक्रम किये जाने का आदेश प्राप्त है। इसी कड़ी में गुरुवार को कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चाँद ने छबैल पंचायत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के



दौरान बीडीओ छबैल गांव निवासी व डीलर शकुंतला देवी के जनवितरण दुकान के पास पहुंचे। जहां की व्यवस्था देख बीडीओ भड़क उठे। बीडीओ श्री चाँद ने बताया कि डीलर का स्टॉक पंजी में काफी गड़बड़ी था। बीडीओ ने बताया कि लाभुकों द्वारा भी निरीक्षण के क्रम में डीलर की काफी शिकायत की गई। जिसके बाद सम्बंधित डीलर के विरुद्ध वरीय अधिकारी के संज्ञान में कार्रवाई की अनुशंसा की गई। वहीं बीडीओ द्वारा इसी पंचायत के भंडारी गांव अवस्थित सरकारी विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में बच्चों की कम उपस्थिति पर प्रधानाध्यापक को फटकार लगाई। वहीं बीडीओ ने सम्बंधित पन्द्रह विन्दुओं पर जांच कर प्रतिवेदन डीएम को समर्पित करने की बात कही।

### प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का सेवानिवृत्त पूर्व विदाई सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**

नारदीगंज,नवादाः-पेंशनर भवन नारदीगंज में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 अखिलेश प्रसाद का सेवानिवृत्त पूर्व विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वे 30 जुलाई 22 को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। अध्यक्षता रामधनी प्रसाद ने की। इस मौके पर सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा डा0 प्रसाद अपने सेवा



काल में मेहनत लगन के साथ किया। हम सभी उनके प्रति आभारी हैं तथा उन्हें हार्दिक अभिनंदन करते हैं। वही चंद्रिका प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि डा0 प्रसाद का पेंशनर समाज के साथ आत्मीय संबंध बना हुआ आया है, आशा करते हैं कि आगे भी हम लोगों के बीच संबंध बना रहे। अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह कार्यक्रम समाप्त करने की घोषणा की गई। वही सभी पेंशनरों ने धूमधाम से डा0 अखिलेश प्रसाद का हार्दिक अभिनंदन किया और कहा कि वह सदैव जनसेवा में लीन रहे, यही पेंशनरों की हार्दिक इच्छा है। मौके पर रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, कपिलदेव प्रसाद सिंह, रामाधीन सिंह, सियाशरण दास, नवल किशोर प्रसाद सिंह, सुखदेव प्रसाद, परमेश्वर राम, रघुनंदन प्रसाद समेत अन्य पेंशनर मौजूद रहे।

### बीएओ ने योगदान लिया।

**समाज जागरण**

नारदीगंज,नवादाः-प्रखंड कार्यालय नारदीगंज स्थित कृषि कार्यालय में बुधवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी शशिभूषण झा ने योगदान लिए है। उन्होंने कहा कि किसान के हित में चलाये जा रहे कृषि विभाग के कल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मौके पर लेखापाल स्तुति कुमार,डाटा ऑपरेटर रवि कुमार, किसान सलाहकार मुन्ना कुमार मौजूद थे।

### 31 हजार 156 रुपये हुए राजस्व की वसूली।

**समाज जागरण**

नारदीगंज,नवादाः-बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए गुरुवार को कैम्प आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई प्रमोद कुमार के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों में तेरह बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही सतरह उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में चार उपभोक्ताओं का ऑन द स्पॉट मामले को निष्पादित किया गया, वही शेष नौ उपभोक्ताओं का आवेदन अगले सप्ताह निष्पादित किया जाएगा।कहा गया कि इस मौके पर सतरह उपभोक्ताओं ने 31 हजार 156 रुपये राजस्व जमा किये हैं। मौके पर जेएलएम बिपिन कुमार,अनन्त कुमार,भरत भूषण पांडेय के अलावा उपभोक्ता कमलेश पासवान, लखिया देवी,देवंती देवी समेत अन्य मौजूद रहें।

### मारपीट के आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालये

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 संगत पर मोहल्ला में छापेमारी कर मारपीट मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मारपीट मामले का आरोपित नगर परिषद के संगत पर मुहल्ला के कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। आरोपी पिछले चार महीने से फरार चल रहा था।

## नवादा में दरोगा ने किया पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादा :सुप्रीम कोर्ट ने अभी हाल में कहा है कि पत्रकारों को न्यूज कवरेज करने ओर लिखने से नही रोका जा सकता है लेकिन वर्दी की हनक में डूबा नगर थाना में तैनात दरोगा विनोद सिंह ने पत्रकार अनिल शर्मा के साथ किया दुर्व्यवहार व मोबाईल छीने,समाचार कवरेज करने गए पत्रकार के साथ नगर थाना में ओडी में बेगैर वर्दी के बैठे दरोगा विनोद सिंह ने किया धक्का मुक्की और थाना न चढ़ने की दिया धमकी। नीतीश राज में पुलिस के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अपराधियों के तरह आम आदमी और पत्रकारों के साथ भी सलूक किया जा रहा है. जहां एक ओर नवादा पुलिस के आलाधिकारी और नीतीश सरकार पुलिस की छवि सुधारने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं कुछ पुलिसकर्मी सरकार के इरादों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं. नवादा के यह सिरफिरे पुलिसकर्मी पुलिस की छवि को खत्म कर रहेहैं । ऐसी ही एक घटना क्रम नगर थाना में देखने को मिला है .

जानकारी के मुताबिक खबर संगलन करने नगर थाना गए पत्रकार अनिल शर्मा को जैसे ही दरोगा ने वीडियो बनाते देखा तो भड़क उठा और बदतमीजी के साथ पुलिसिया रौब दिखाना शुरू कर दिया। जब पत्रकार ने कहा कि हम अपनी खबर संकलन कर रहे है. इतने में मयार्दा की सारी सीमाएं तोड़ते हुए दरोगा बदसलूकी पर उतर आया और पत्रकार को धमकी देते हुए थाना से भागने को कहा, इतना हीं नहीं मोबाईल से विजुअल बना रहे पत्रकार को मोबाइल अंदर घुसेड़ देंने की बात कहा और दरोगा ने पत्रकार अनिल शर्मा का मोबाइल छीन लिया। बता दें कि आम जनमानस तो छोड़ो ,चौथे स्तंभ के साथ भी ऐसे अमानवीय व्यवहार करते हैं ये नवादा जिले की पुलिस पदाधिकारी । अब ऐसा प्रतीत हो रहा कि अब पत्रकारिता करने के लिए पत्रकारों को पुलिस से आदेश लेना होगा ।



इस संबंध में जब नवादा पुलिस अधीक्षक से बात की गई तो उन्होंने कहा अगर ऐसा पत्रकार के साथ हुआ है, तो जांच कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। अब तो वक्त तय करेगा कि ऐसे पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही होती है या नही।

पत्रकार संगठन आईरा ने कहा निंदनीय घटना है : पत्रकारों की सबसे बड़ी संगठन "ऑल इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन" ने मामले का संज्ञान लेते हुए इस घटना का निंदा दिया है । एसोसिएशन के मगध प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार सिंहा एवं नवादा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने तीखी भर्त्सना की है । उन्होंने कहा पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार और उनके आत्मसम्मान का अवहेलना बेहद निंदनीय है । लोकतंत्र पर सीधा-सीधा प्रहार किया जा रहा है । कुछ करप्ट अधिकारी अपनी काली कारतूस छिपाने के लिए पत्रकारों को थाने नहीं आने देते ताकि वे आमजनमानस से मनमानी कर सके । उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी पर जिला प्रशासन कार्रवाई करें, जो मीडिया के स्वतंत्रता को रोककर उनके साथ दुर्व्यवहार करता हो।

## खनन विभाग की छापेमारी में अवैध बालू लदा सात ट्रैक्टर जब्त

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-जिला खनन विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से गुरुवार को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसनखावा मरलाही नदी से अवैध बालू खनन करते सात ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाई। जिला खान निरीक्षक के आवेदन पर संबंधित ट्रैक्टर मालिको एवं चालक के विरुद्ध अवैध खनन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। खान निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खनन छापेमारी टीम के साथ स्थानीय पुलिस की टीम मसनखावा गांव से उत्तर



स्थित मरलाही नदी पहुंची। टीम को देखते ही जमीन के अंदर से बालू निकाल कर लोड कर रहे वाहन चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। बाद सभी ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया है। खनन विभाग की इस कार्यवाई से क्षेत्र के बालू अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गई है। उल्लेखनीय है कि वारिसलीगंज के मरलाही सकरी नदी से विभिन्न गांवो के समीप बालू कारोबारी तीन चार फीट मिट्टी हटाकर बालू की निकासी करते है। जिसे भवन निमार्ता खरीद अपना मकान बनाते है।

## सायकिल से घर लौट रहे स्कूली छात्र ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी, रेफर

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज बाघी बरडीहा एसएच 83 पथ पर अवस्थित थाना क्षेत्र के मंजौर गांव के समीप गुरुवार की दोपहर मध्य विद्यालय मंजौर से पढ़कर सायकिल से अपने घर लौट रहे चक मिल्की की ग्रामीण रविंद्र यादव का 13 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार को एक ट्रक की चपेट में आ गया। फलतः बालक बुरी तरह से जख्मी हो गया। गंभीर रूप से जख्मी होकर छात्र जमीन पर गिर कर अचेत हो गया।

जानकारी के अनुसार दिन के 3:30 बजे करीब मध्ये विद्यालय में छुट्टी हुई। उसके बाद अपने अन्य साथियों के साथ साइकिल से घर लौट रहा था। लेकिन घर पहुंचने से करीब



आधा किलोमीटर पहले ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक एक अन्य वाहन को साइड देने के दौरान छात्र का साइकिल में ठोकर मार दिया। जिससे बालक जमीन पर गिर गया और ट्रक का अगला पहिया छात्र का दांया पैर को कुचलते पार हो गया। खाली ट्रक का अगला पहिया छात्र के नाजुक पैर पर चढ़ गया। फलतःबालक का पैर बुरी तरह से कुचलकर जख्मी हो गया। जबकि पेट का भी कुछ हिस्सा दुर्घटना के क्रम में कुचल गया। और दुर्घटना स्थल बच्चे के खून से लाल हो गया। दुर्घटना बाद ट्रक चालक कुछ दूरी पर ट्रक खड़ी कर फरार हो गया। दुर्घटना बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से जख्मी बालक को इलाज को ले वारिसलीगंज पीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार बाद पावापुरी बीम्स रेफर कर दिया गया।

## जहानाबाद के सांसद श्री चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने हाल्ट बनाने की मांग की।

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद से बरुण**

जहानाबाद लोकसभा अंतर्गत पूर्व मध्य रेल दानापुर मंडल में राजगीर गया भाया नटेशर रेल खंड के झरना-नौडीहा हॉल्ट अथवा उप स्टेशन बनाने की मांग लोकसभा में केंद्र सरकारे से की है। उन्होंने झरना-नौडहा हॉल्ट अथवा उप स्टेशन की अति आवश्यकता है। ग्राम झरना-नौडीहा, महादलित आदर्श ग्राम सोवरन बिगहा जमुनापुर, सीतारामपुर, पंडितपुर सोहारी, ऐर, विकेयपुर, चरबारा, मंझौली तथा झड़ूबिगहा नटेशर जंक्शन से उपरोक्त हॉल्ट 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। एवं यह भी स्पष्ट करना चाहूंगा की नटेशर जंक्शन से दूसरा



स्टेशन जेढयन है जो 10 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां हॉल्ट बनने से भारत सरकार रेल मंत्रालय के लिए भी अधिक लाभकारी सिद्ध होगा। झरना धाम एक पर्यटक स्थल भी है। इस धाम पर दूर-दूर से पर्यटक आते हैं तथा शुभ कार्य एवं विवाह समारोह का आयोजन होता रहता है। इस स्थान पर प्राकृतिक रूप से ठंडे जल की झरना बहती है। इसलिए पर्यटन के दृष्टिकोण से भी झरना हॉल्ट की अति आवश्यकता है। मैं माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करूँगा कि उक्त स्थान पर स्थाई रूप से झरना हॉल्ट अथवा उप स्टेशन का दर्जा देकर निर्माण कराने की कृपा करेंगें। जिससे सभी ग्रामवासी रेल सुविधा का लाभ उठा सकें।

## भाकपा माले के संस्थापक महासचिव कॉम चारु मजूमदार का 50 वां शहादत दिवस जिला कार्यालय औरंगाबाद में मनाई गई।

**दैनिक समाज जागरण**

औरंगाबाद (बिहार) भाकपा माले के जिला सचिव कॉम मुनारिक राम द्वारा सर्वप्रथम झंडोत्तोलन किया गया इसके बाद दो मिनट का मौन श्रधांजलि दी गई इसके बाद उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया काफी संख्या में पार्टी सदस्य शामिल हुए पार्टी द्वारा जारी संकल्प पत्र को सुनाया गया एवम सभी साथियों ने संकल्प लिया कि भाकपा माले ही एकमात्र गरीब गुरबों किसान मजदूरों छात्रों नोजवानो की पार्टी है जो सालों भर हर वक्त आम जनता की समस्याओं पर संघर्ष करती है पार्टी के मजबूती के मतलब गरीबो की आवाज व जनसंघर्षों का मजबूत होना।आज देश आम जनता कमरतोड़ महंगाई बेरोजगारी से जूझ रही है संविधान खतरे में है जनसंघर्षों की आवाज को बल पूर्वक दबाया



जा रहा है सरकार से सवाल पूछने पर राष्ट्रविरोधी करार दिया जा रहा है एकतरह से अघोषित आपातकाल जैसी परिस्थिति उत्पन्न हो गई है।ऐसी परिस्थिति में भाकपा माले जैसी क्रांतिकारी जुझारू व संघर्षशील पार्टी को मजबूत कर के ही देश व लोकतंत्रको बचाया जा सकता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव कॉम मुनारिक राम ने किया इसमें निम्नलिखित साथियों ने भाग लिया

कॉम नारायण राम ,र जिला अध्यक्ष कॉम जोगेंद्र कुमार, नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष गुड्डु चन्द्रवंशी, कैलाश पासवान, कमलदेव पासवान, रंजू देवी,रिंकू देवी कृष्ण पासवान, ममता देवी,कांति देवी नारायण चंद्रवंशी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। पार्टी के 11 वें राष्ट्रीय महाधिवेशन जो पटना में होना तय है उसकी तैयारी जोर सोर से शुरू करने का संकल्प के साथ कार्यक्रम समाप्त किया गया।

## नाला में गिरने से मासूम की मौत

**केशव कुमार सिंह दैनिक समाज जागरण औरंगाबाद**

जिले के ओबरा प्रखंड के चंदा पंचायत के पथरा गांव में बुधवार की सुबह नाला में गिरने से एक मासूम की मौत हो गई। मृतक पथरा गांव के ही पप्पु कुमार के तीन वर्षीय पुत्र विमल कुमार बताया जाता हैं। घटना के बारे में पता चला कि वह घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच घर के बाहर से होकर गुजरी नाला में गिर पड़ा। पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया। जब वह कुछ देर तक घर नही गया तो परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन करना शुरू कर दिया। इसी बीच नाला से उसका शव निकाला गया। इधर घटना की सूचना पर मुखिया चंदन कुमार, उप मुखिया गुड्ड प्रसाद गुप्ता, वार्ड प्रतिनिधि मंटु यादव, पप्पु कुमार, धनंजय कुमार, अमित सिंह, सुधीर चंदवंर्शी, गुड्ड पासवान के साथ मिलकर शोकाकुल परिवार से मिलकर सान्त्वना दिया। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल कायम हैं।।

## डॉक्टर की लापरवाही के कारण अवैध नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत, नर्सिंग होम पर एफआईआर दर्ज

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादाः नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के काशीचक बाजार स्थित अवैध रूप से संचालित माया नर्सिंग में एक प्रसूति महिला की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने डॉक्टर राजीव रंजन पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर बवाल काटा। वहीं घटना के बाद डॉक्टर क्लीनिक को बंद कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि उपरावां गांव निवासी प्रकाश पासवान अपनी पुत्री काजल कुमारी को प्रसव के लिए माया नर्सिंग होम में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टर ने बड़ा सीजर से प्रसव कराने की बात कही। डॉक्टर ने सीजर कर बच्चे को गर्भ से बाहर निकाला। लड़का जन्म लेते ही पूरे परिवार में खुशनुमा माहौल बन गया। लेकिन डॉक्टर की लापरवाही के कारण प्रसव के बाद महिला की स्थिति गड़बड़ाने बनाने लगी। फिर भी डॉक्टर ने परिजन को कुछ भी नहीं बताया। धीरे-धीरे महिला की स्थिति और नाजुक होते चली गई



और थोड़ी देर बाद महिला की मौत हो गई। जिसके बाद डॉक्टर क्लीनिक बंद कर फरार हो गया। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने क्लीनिक में जमकर हंगामा किया। वहीं नवजात शिशु पूरी तरह से स्वस्थ है।

मृतका के पिता प्रकाश पासवान ने बताया कि अपनी पुत्री की शादी नालंदा जिला अंतर्गत अटा बिशनपुर गांव निवासी ललन पासवान से किया था। कुछ दिन पहले अपनी पुत्री को प्रसव कराने के लिए अपना घर लाए थे। आज निजी क्लीनिक में प्रसव के दौरान डॉक्टर की लापरवाही के कारण मेरी पुत्री की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

मृतका अपने पीछे दो पुत्री को छोड़ गई है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही परिजन ने कहा है कि आवेदन देकर नर्सिंग होम व डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाए हैं। जिस पर कार्रवाई की मांग किये है।

## जागरण स्वयंसिद्धा महिला सहकारी समिति ने किया वार्षिक आम सभा का आयोजन

**समाज जागरण**

सिरदला नवादा :-प्रखंड के सबसे बड़ी महिला स्वयं सहायता फेडरेशन समूह जागरण स्वयं सिद्धा महिला सहकारी समिति सिरदला ने सिरदला पीएचसी के समीप फेडरेशन कार्यालय में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया। जिसमे करीब 1198 महिला समुह की हजारों महिलाओं ने भाग लिया । कार्यक्रम का उद्घाटन सिरदला पीएचसी के दंत चिकित्सक शत्रुघ्न प्रसाद एवं समिति के अध्यक्ष सोभा स्वराज ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान



समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी वरुन कुमार सिंह द्वारा सत्र अप्रैल 21 से मार्च 22 तक समिति द्वारा किये गए कार्यो के प्रतिवेदन को पढ़ कर सुनाया साथ ही ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर समिति के आमदनी और खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिसका अनुमोदन आम सभा द्वारा किया गया। मौके पर लेखापाल मुन्ना कुमार साव,सीएफ गीता देवी,रीता देवी,बिके अनिता देवी,इंदु देवी सहित सभी बोर्ड सदस्य और सैकड़ो महिला शामिल हुई।

## पंच सरपंच संघ की बैठक में जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन का निर्णय

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पंच सरपंच संघ की बैठक गुरुवार को पकरीबरावां रोड स्थित खानापुर के एक निजी विद्यालय में आयोजित किया गया। अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह ठेरा ग्राम कचहरी के सरपंच सुबोध सिंह ने किया। संचालन प्रदेश संगठन प्रभारी नागेश्वर सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के जिलाध्यक्ष विजय तिवारी उपस्थित होकर लोगो को संगठन की मजबूती का पाठ पढ़ाया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि ग्राम कचहरी को सशक्त एवं पारदर्शी बनाने के लिए नियमित बैठक, नामित अधिवक्ता के साथ कानूनी सलाह मशविरा आवश्यक है। इस मौके पर प्रदेश संगठन के निर्णय से प्रखंड संघ के



लोगो को अबगत करवाते हुए कहा गया की अपनी विभिन्न 11 सूत्री मांगों के समर्थन में पंच सरपंच संघ के बैनर तले आगामी 05 अगस्त 22 को नवादा समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम निर्धारित है।उक्त तिथि को तय समय पर सुबह से 10 बजे सभी प्रखंडों के साथी नवादा रेलवे स्टेशन परिसर में एकत्रित हो। बाद में प्रदर्शन करते हुए सदर अस्पताल के रास्ते समाहरणालय गेट के पास स्थित रैन बसेरा में अयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल होकर संगठन की मजबूती को प्रदर्शित करना है। बैठक में प्रखंड उपाध्यक्ष गुड़िया कुमारी, सरपंच संजय कुमार, फूलवती देवी, शांति देवी, उपसरपंच रामवरण सिंह, राजनीति शर्मा, लक्ष्मी देवी समेत अन्य ग्राम कचहरी के सरपंच एवं उपसरपंच उपस्थित थे।

## पोल में आया करेंट संपर्क में आई गाय कि मौत

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज जिला परिषद डाक बंगला परिसर में चर रही एक दुधारू गाय हाई बोल्टेज तार के एक पोल की चपेट में आने से तत्काल गाय की मौत हो गई। करंट का प्रवाह इतना तेज था कि कुछ ही सेकेंड में गाय के प्राण पखेरू उड़ गए। मृत गाय पड़ोसी सह माफी ग्रामीण उपेंद्र सिंह की बताई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाय डाक बंगला के फील्ड में चर रही थी। इसी क्रम में 11 हजार केवीए के गुजरी तार वाला एक पोल का पत्थर टूट कर तार लोहे की पट्टी पर आ गई। फलतः अर्थ वाला तार के माध्यम से हाई बोल्टेज करंट जमीन तक आ



गई। फलस्वरूप पोल के पास जाते ही गाय हड़बड़ा कर जमीन पर गिर गई। और देखते ही देखते मर गई। सूचना बाद स्थानीय विधुत कार्यालय के कनीय अभियंता मो. रौशन जमाल ने कहा कि विभाग के उच्च अधिकारियों से बात कर गौ पालक को उचित मुआबजा दिलवाया जाएगा। जानकारी हो कि बरसात के दिनों में अधिकांश विधुत पोलो में करंट प्रवाहित होता रहता है। ऐसे में पोल को छूना या निकट जाना खतरनाक है। अभियंता ने लोगो को अगाह करते हुए कहा कि अगर किसी पोल में करंट प्रवाहित हो रहा हो या फिर कहीं तार गिर गया हो तो कृपाकर विद्युत कार्यालय में सूचना देकर लाइन कटवा दें।

## जहानाबाद : भाकपा माले कार्यकताओं ने मनाया दिवंगत कामरेड चारु मजूमदार का 50वाँ शहादत दिवस

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद से बरुण कुमार**

जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत पलेया महादलित, सुमेरा, खसखोरी, भैख, डकरा,सोलहंडा, सहित कई गावों में भाकपा माले कार्यकताओं ने अपने दिवंगत कॉमरेड चारु मजूमदार का 50वाँ शहादत दिवस मनाया।नगर पंचायत मखदुमपुर में कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी झंडोतोलन से शुरू हुआ। बारी बारी से उपस्थित लोगो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संकल्प पत्र का पाठ किया गया।

मौके पे उपस्थित नगर पार्षद और इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य सह सचिव वेंकटेश शर्मा ने लोगो को संबोधित करते हुए बताया 28जुलाई कॉमरेड चारु मजुमदार का शहादत दिवस है। भारतीय क्रांति के महानायक चारु मजुमदार भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन के समूचे इतिहास में पहले और एकमात्र कम्युनिस्ट नेता थे, जिन्होंने भारतीय क्रांति की सजीव तस्वीर पेश की थी।



और इस महानायक के पीछे जैसे जादू के जोर से खींची चल पड़ी थी दसियों हजार नौजवान कम्युनिस्टों की एक समूची पीढ़ी, जिस पीढ़ी ने स्वेच्छा से शहादत कबूल की थी। ठीक जिस तरह भगत सिंह की लाश को अंग्रेजों ने रातोंरात जला दिया था, उसी तरह चारु मजुमदार के शव को भी कड़े पुलिस पहरे में रातोंरात भस्मीभूत कर दिया गया। उनके हजारों- हजार प्रशंसक उनकी मृत देह पर दो बूंद आंसू और श्रद्धा के दो सुमन भी न चढ़ा सके।"

उन्होंने कहा कि उनकी शहादत के बाद भी न तो नक्सलबाड़ी आंदोलन को खत्म किया जा सका और न ही उसकी ताप व ऊर्जा से पैदा हुई उस नई पार्टी को, जिसे हम सभी भाकपा-माले के रूप में जानते हैं।सुमेरा में दयानन्द प्रसाद ,बेला बीरा में प्रशांत शर्मा, भैख में अर्जुन भर्ती,डकरा में सतेंद्र रविदास,सोलहंडा में अशोक कुमार, पलिया में सन्नी भदानी, सोनू कुशवाहा,भागीरथ मांझी, मुन्ना देवी, नीरज शर्मा,पिंटू चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्यस्तरीय आमंत्रण युगल बॉल बैडमिंटन 2 अगस्त को जहानाबाद में।

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद ब्यूरो चीफ बरूण कुमार**

जहानाबादःबिहार राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में एवं जहानाबाद जिला बॉल बैडमिंटन संजीघ के द्वारा राज्यस्तरीय आमंत्रण युगल बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 2 अगस्त को कुम्हवा,जहानाबाद में किया जायेगा। जिसमें पुरुष,महिला युगल व मिश्रित युगल के मैच खेले जायेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर व राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु दरभंगा,पूर्वी चम्पारण,सिवान,वैशाली,बेगूसराय,पटना एवं मेजबान जहानाबाद की युगल टीमों को आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन जहानाबाद जिला बॉल बैडमिंटन संघ के मुख्य संरक्षक प्रो.चंद्रभूषण शर्मा, अध्यक्ष गोपाल शरण सिंह,सचिव प्रो.विजेन्द्र कुमार,कोषाध्यक्ष सी.पी.सिंह के देखरेख में किया जायेगा। एकदिवसीय राज्यस्तरीय आमंत्रण युगल प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता जोड़ी को आकर्षक पुरस्कार दिये जायेंगे।प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के तकनीकी समिति के चेयरमैन दीपक सिंह कश्यप होंगे।

## नवादा डीएम ने रजौली जाने के क्रम में फरहा के निकट फॉर लाईन का निरीक्षण किए।

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो ( धर्म जीत सिन्हा)**

नवादाः- उदिता सिंह जिलाधिकारी नवादा आज रजौली अनुमंडल में प्रस्तावित जिला समन्वय समिति की बैठक में जाने के क्रम में आज फरहा में रूककर फोरलेन के निर्माण से संबंधित भौतिक सत्यापन किये। उन्होंने उपस्थित एनएचआई के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी स्थिति में यात्रियों को यातायात में किसी प्रकार का कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यातायात को सुगम बनाने के लिए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि फ्लाई ओवर ब्रीज के दोनों तरफ सड़कों को मोरटेवल बनायें। किसी भी स्थल पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। गाड़ियों के चलने से सड़कों पर काफी धूल उड़ रही थी, जिसपर जिलाधिकारी ने काफी गंभीरता से लिया है। एनएचआई के अभियंता को सख्त निर्देश दिया गया कि लागातार सड़कों पर पानी का छिड़काव करें , इससे कि लोगों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। एक सप्ताह के अन्दर नवादा से फतेहपुर तक टूलेन रोड को हर हाल में चालू करने का निर्देश दिये।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय करीगॉव का औचक निरीक्षण किये। विद्यालय में एक मात्र शौचालय था जो भी



सफाई के अभाव में काफी गंदा था। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय का निर्माण करायें। विद्यालय का वेशिन नलका टोप टूटा हुआ था जिससे विद्यार्थियों को हाथ धोने में काफी कठिनाई हो रही थी और नल का पानी भी लगातार बह रहा था इसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है उन्होंने कहा कि विद्यालय में पूर्ण साफ सफाई करना सुनिश्चित करें एवं बेसिन और टॉप को रिप्लेस करें।

बच्चों का संख्या उपस्थिति पंजी से काफी कम थी। एमडीएम की जॉच में पाया गया कि बच्चों की उपस्थिति 150 दिखाया गया है लेकिन खाना मात्र 70 विद्यार्थियों का ही बना हुआ था जिसमें दाल और शब्जी की मात्रा निर्धारित से काफी कम थी। दाल और शब्जी का मात्रा मात्र 40 बच्चों का ही था। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछने का विधि-सम्मत कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिये। सभी विद्यालयों को सुसंचालन और एमडीएम को निर्धारित मात्रा और गुणवत्ता के साथ सभी विद्यार्थियों को सुलभ कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने सभी प्रखंडों के प्रभारी पदाधिकारी को निर्देश दिये कि बुधवार और गुरूवार को निरीक्षण के क्रम में सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों और विद्यालयों की भी भौतिक जॉच करना सुनिश्चित करेंगे। इस बात की जानकारीडीपीआरओ नवादा ने दी है।

## मसौढी के बीआरसी कार्यालय परिषर मे छह सुत्री मागों लेकर बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षकों के द्वारा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण**
**मसौढी से नीरज कुमार**

मसौढी प्रखंड अंतर्गत गुरूवार को बीआरसी कार्यालय के परिषर मे छह सुत्री मागों को ले मसौढी अनुमंडल के शिक्षकों ने अनिश्चित कालीन रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन किया।जानकारी के मुताबिक शिक्षकों का कहना है, की मसौढी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के मनमानी रवैये नही चलेगी।और हमलोगों एरियल सही समय पर नही मिलेगा तो और तेज आनदौलन धरना करेगे।और हमलोगों को समय पर राषी भुगतना नही किया तो और तेज



आनदौलन करेगे।सबसे पहला मांग है नौ प्रतीशत एरियल जल्द से जल्द भुगतना करे।धरना उस वक्त चलेगा जबतक मसौढी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हमलोगों को सटीक पत्र नही भेजेंगे तकतक अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा। मौके पर उपस्थित राजेश्वरी प्रसाद, अंजन कुमार, अशोक कुमार, प्रेम प्रसाद, अजीत कुमार, रविकांत कुमार, संजय चौधरी,नीता सिन्हा, कुमकुम सिन्हा और मसौढी अनुमंडल के शिक्षक गण मौजूद रहे।

## तारेगना रेलवेस्टेशन के जान हथेली पर रखकर रेलवे ट्रैक पार करते हैं लोग।

**दैनिक समाज जागरण**
**मसौढी से नीरज कुमार**

पटना गया रेलखंड का तारेगना स्टेशन का यह नजारा है। जहाँ लगातार दुर्घटनाएं हो रहीं है। फिर भी बाज नहीं आते, न पुलिस न रेल प्रशासन को चिंता।मसौढ़ीःरेलवे स्टेशन पर ओवरब्रिज है, फिर भी लोग रेल लाइन पार करने से बाज नहीं आते हैं। आए दिन रेल लाइन पार करने के दौरान कहीं न कहीं कोई व्यक्ति ट्रेन की चपेट में भी आ जाता है लेकिन उसके बाद भी न तो लोगों को इसकी परवाह है और न ही रेल प्रशासन व रेलवे पुलिस को इसकी चिंता है।रेल लाइन पार करने वालों को न तो जागरूक किया जा रहा है और न ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। यही कारण



है कि आए दिन रेल लाइन पार करने वालों की ट्रेन की चपेट में आकर जान गंवाने के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।तारेगना रेलवे स्टेशन पर दो प्लेटफार्म हैं। इन प्लेटफार्म तक जाने के लिए रेल लाइनों के ऊपर ओवर ब्रिज बनाया हुआ है,ताकि दैनिक यात्री ओवर ब्रिज के द्वारा उस प्लेटफार्म तक पहुंच सकें, जहां ट्रेन आनी है, लेकिन लोग ओवरब्रिज का इस्तेमाल करने के बजाय रेल लाइन को पार करते हैं। सबसे ज्यादा यह नजारा सुबह, दोपहर व शाम को उस समय देखने को मिलता है, जब ट्रेनों के आने-जाने का समय रहता है। ऐसे में ही ट्रेन की चपेट में लोग आ जाते हैं। इतनी दुर्घटनाएं होने के बाद भी रेल प्रशासन व रेलवे पुलिस की नींद नहीं खुल रही है।

## नगर मंडल जगदीशपुर में स्थान प्रसाद मार्केट कोतवाली किसान मोर्चा विधान सभा में प्रवास कार्यक्रम का बैठक

**दैनिक समाज जागरण**
**(जगदीशपुर से नीतीशभारद्वाज)**

सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रजत कुमार सोनी उर्फ गोलू ने की एवं संचालन रमेश सिंह ने की बैठक मे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस जयसूर्यन (केरल) एवं जवाहर सिंह बेघम राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व राजस्थान मंत्री उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम गान के साथ किया गया बैठक में विधान सभा के अंतर्गत सभी किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे बैठक में अतिथियो का अंगवस्त्र एवं पुष्प माला से सम्मानित किया गया राष्ट्रीय नेताओ ने संगठन विस्तार एवं केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओ पर कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया गया राष्ट्रीय नेताओ ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अभी से ही तन मन से लगने का आव्हान किया गया बैठक में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रंग बहादुर यादव अभिमन्यु सिंह मिथिलेश कुशवाहा नगर अध्यक्ष आदित्य कुमार एवं ग्रामीण अध्यक्ष विवेक कुशवाहा रवि उपध्याय सतिश कुमार गुड्डू कुशवाहा राजकुमार पटवा अभिषेक पांडे अरुण सिंह बृज बिहारी राम मणि मोहन चौबे विकास पांडे कमल किशोर सिंह शशि रंजन चौबे चंदन सिंह कुमार पूर्णेन्दु अजय पाठक जितौरा अध्यक्ष गिरजा नंद यादव अखिलेश सिंह चंद्र भूषण ठाकुर विनीत राज सिंह नरेंद्र कुशवाहा कामेश्वरी सिंह विकास कुमार सिंह प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा राजीव रंजन तिवारी पिंटू यादव रवि सिन्हा आरके चंचल अमन इंडियन ज्योती प्रकाश कुशवाहा माधव प्रसाद केशरी

## भारतीय दर्शन में जीवन-प्रबंधन विषयक संवाद आज

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**

मधेपुरा। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (आईसीपीआर) नई दिल्ली के स्टडी सर्किल योजना के तहत दर्शनशास्त्र विभाग, बीएनएमयू, मधेपुरा के तत्वावधान में शुक्रवार को पू. 11 बजे से 'भारतीय दर्शन में जीवन-प्रबंधन' विषयक आनलाइन-आफलाइन संवाद का आयोजन किया गया है। आयोजन सचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि संवाद की अध्यक्षता आईसीपीआर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रमेशचंद्र सिन्हा करेंगे। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के अध्यक्ष प्रो. जटाशंकर होंगे। मुख्य वक्ता मुख्य वक्ता हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर- गढ़वाल (उत्तराखंड) में दर्शनशास्त्र विभाग की अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर प्रो. (डॉ.) इंदु पांडेय खंडुरी होंगी। अतिथियों का स्वागत पटना विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व अध्यक्ष सह दर्शन परिषद्, बिहार के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंह करेंगी। संचालन श्रीनगर-गढ़वाल (उत्तराखंड) की सुप्रसिद्ध योग विशेषज्ञ डॉ. कविता भट्ट 'शैलपुत्री' करेंगी। विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष शोभाकांत कुमार अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आनलाइन मोड में विशेष रूप से प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया है, जिसमें प्रतिभागी अपने कैरियर एवं व्यक्तिगत जीवन से की समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। ऑफलाइन रूप से कार्यक्रम में अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ. पवन कुमार, डॉ. एम. आई. रहमान, कुलसचिव मिहिर कुमार ठाकुर, शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. नरेश कुमार आदि की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

**सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं तीन संवाद**

डॉ. शेखर ने बताया कि 'स्टडी सर्किल' आईसीपीआर की एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत लोगों का एक छोटा समूह नियमित रूप से एक वर्ष तक प्रत्येक माह एक पूर्व निर्धारित विषय पर संवाद और चर्चा-परिचर्चा करते हैं। बीएनएमयू, मधेपुरा में अब तक तीन संवाद सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। प्रथम संवाद (अप्रैल 2022) में आईसीपीआर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रमेशचन्द्र सिन्हा ने 'सांस्कृतिक स्वराज' विषय पर मार्गदर्शन दिया था। दूसरे संवाद में 'गीता का दर्शन' विषय पर अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के अध्यक्ष प्रो. जटाशंकर मुख्य वक्ता थे। जून में तीसरा संवाद 'मानवता के लिए योग' विषय पर हुआ, जिसके मुख्य वक्ता पटना विश्वविद्यालय पटना के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. एन. पी. तिवारी थे। चौथा संवाद 29 जुलाई (शुक्रवार) को भारतीय दर्शन में जीवन- प्रबंधन विषय पर सुनिश्चित है।

**मार्च 2023 तक के लिए विषय निर्धारित**

उन्होंने बताया कि स्टडी सर्किल के अंतर्गत अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक के लिए विषयों का निर्धारण किया जा चुका है। आगे वेदांत दर्शन : एक विमर्श (डॉ. राजकुमारी सिन्हा, रांची), बौद्ध दर्शन की प्रासंगिकता (डॉ. वैद्यनाथ लाभ), नव वेदांत की प्रासंगिकता (स्वामी भवात्मानंद महाराज), समाज-परिवर्तन का दर्शन (डॉ. पूनम सिंह) एवं राष्ट्र-निर्माण में आधुनिक भारतीय चिंतकों का योगदान (डॉ. नरेश कुमार अम्बष्ट), टैगोर का मानववाद (डॉ. सिराजुल इस्लाम), गांधी-दर्शन की प्रासंगिकता (डॉ. विजय कुमार) एवं सर्वोदय-दर्शन की प्रासंगिकता (डॉ. विजय कुमार) विषयक संवाद का आयोजन किया जाएगा।

## आसनपुर कुपहा चौक स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में देर रात चोरी करने आए चोर को बिजली करंट लगने के कारण में मौत हो गया।

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 57 के बगल मे आसनपुर कुपहा चौक स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में देर रात चोरी करने आए चोर को बिजली करंट लगने के कारण मौत हो गया।जानकारी अनुसार आसनपुर कुपहा चौक स्थित रामप्रवेश मोबाइल दुकान में बुधवार की देर रात चोरी करने आए अज्ञात चोर का दुकान में करंट लगने से मौत घटनास्थल पर ही हो गया जिसका सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा गुरुवार की सुबह दुकानदार व किशनपुर थाना को दिया गया जिसमें पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर गुरुवार की सुबह से ही लोगों का भीड़ जुटने लगा वही मृत चोर का शिनाख्त नहीं हो सका है। बताते चलें कि उक्त दुकान में इससे पूर्व भी कई बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था हाल ही में दुकान से कई नए स्मार्टफोन शहीद इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की चोरी कर ली गई थी। इस संबंध मे



आसनपुर कुपहा गाँव निवासी मोबाइल दुकानदार रामप्रवेश कुमार ने बताया कि अन्य दिन के भांति बुधवार की संध्या भी करीब 9:00 बजे अपने दुकान बंद कर घर चले गए थे सुबह 6:00 बजे स्थानीय लोगों के द्वारा पता चला कि मेरे दुकान का पीछे से टट्टी कटा हुआ है जिसके बाद ग्रामीण के सूचना पर जब हम अपने दुकान के पास पहुंचा और दुकान खोल कर जैसे ही अंदर घुसा तो देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति दुकान के अंदर मरा हुआ है इस दौरान इसका सूचना आसपास के लोगों के द्वारा थाना को दिया गया जिसके बाद थाना से आए अधिकारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गए उन्होंने बताया कि इसी तरह से 1 माह पूर्व भी मेरे दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा विभिन्न सामानों की चोरी कर ली गई थी जिसका सूचना स्थानीय थाना को भी दिया गया था इधर चोर के मौत के बाद इलाके में तरह-तरह के बातें हो रही है इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि मृतक का पहचान निर्मली थाना क्षेत्र के महुआ गांव निवासी के रूप में हुआ है जो उक्त दुकान में चोरी करने के दौरान बिजली करंट के चपेट में आने से उनका मौत हुआ है और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## बिहटाः-पती के आंखो के सामने पत्नी को ट्रक ने कुचला,पत्नी की हुई मौत।

**दैनिक समाज जागरण**
**सत्येंद्र कुमार /बिहटा**

बिहटा/पटनाः-बिहटा थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव के तीन मुहनी के पास गुरुवार को बाइक से पति के साथ मायके जा रही पत्नी की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान बिहटा थानाक्षेत्र के कन्हौली गांव के कोदाई टोला निवासी बिहारी कुमार की 19 वर्षीय पत्नी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। इधर मौत की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया साथ ही ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि घटना के बाद से ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बिहारी कुमार अपनी पत्नी सोनी कुमारी को



लेकर अपने बाइक से ससुराल पालीगंज अंकुरि गांव जा रहा था तभी बाइक के पीछे बैठी सोनी कुमारी को अचानक चक्कर आ गया और वह सड़क पर गिर गई जिसके पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंद दिया जहां महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इधर महिला की मौत के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने घटनास्थल से ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आना ले आई और आगे कार्रवाई में जुट गई है। थानाअध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि राघोपुर तीन मूहानी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंद दिया जहां महिला की मौत हो गई घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची हालांकि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया फिलहाल महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है

## अस्थाई गौशालाओं की जर्जर स्थिति को लेकर आमरण अनशन

**दैनिक समाज जागरण**
**सिकंदरपुर बलिया।**

स्थानीय नगरा मोड़ पर स्थित हिंदू समाज पार्टी के तहसील कार्यालय पर पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पुष्कर राय मोनू ने विधानसभा क्षेत्र के अस्थाई गौशालाओं की जर्जर स्थिति को लेकर आमरण अनशन शुरू कर दिया । गुरुवार की सुबह 10:00 बजे से आमरण अनशन पर बैठे पुष्कर राय मोनू ने बताया कि पूर्व में भी अस्थाई गौशालाओं को लेकर एसडीएम सिकंदरपुर को पत्रक दिया गया था, जिससे कि आश्वासन मिला था कि तत्कालीन इनको दुरुस्त करा लिया जाएगा, लेकिन अभी तक गौशालाओं को दुरुस्त नहीं कराया गया, जिससे कि गोवंशों को काफी दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। बताया



कि अब जब तक इन सारी अव्यवस्थाओं को दूर नहीं कर लिया जाता आमरण अनशन जारी रहेगा। देर शाम थानाध्यक्ष सिकंदरपुर पंकज कुमार सिंह और नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष रविंद कुमार वर्मा को बुलाया गया और उपरोक्त मांग के संबंध में थानाध्यक्ष में चेयरमैन को अवगत कराया चेयरमैन के द्वारा सभी मांग को तत्काल प्रभाव से मान लिया गया और 1 सप्ताह का मौका लिया सुधार करने का और आमरण अनशन समाप्त हुआ थाना अध्यक्ष सिकंदरपुर पंकज कुमार सिंह के आश्वासन पर। इस अवसर पर बड़े लाल यादव, मनोज कनौजिया, ओम नारायण, श्याम बहादुर यादव, राजेश राय, अभिषेक आनंद तिवारी, अनुराग राय, लल्लन तुरहा आदि मौजूद रहे।

## भाकपा - माले ने मनाया अपने प्रथम महासचिव कॉमरेड चारु मजुमदार का 50 वां शहादत का दिवस, संकल्प सभा का किया गया आयोजन!

**दैनिक समाज जागरण**
**(आरा से अख्तर शफी निक्की)**

आरा के क्रांति पार्क में भाकपा माले ने अपने प्रथम व संस्थापक महासचिव कॉमरेड चारु मजुमदार का 50 वां शहादत का दिवस मनाया। इस मौके पर संकल्प सभा किया गया। संकल्प सभा के दौरान सबसे पहले पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य ने झंण्डोतोलन किया, उसके भारतीय क्रांति सभी अमर शहीदों को एक मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई !उसके बाद कामरेड चारु मजूमदार सहित क्रांति पार्क में सभी शहीदों के मूर्ति पर माल्यार्पण अर्पित की गई! माल्यार्पण के बाद पार्टी केंद्रीय कमेटी द्वारा जारी केन्द्रीय आह्वान का पाठ किया गया !ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य जिला जवाहरलाल सिंह केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव,केंद्रीय कमेटी सदस्य व अगिआवं विधायक मनोज मंजिल,राज्य स्थायी समिति सदस्य व तरारी सुदामा प्रसाद बक्सर के पूर्व जिला सचिव मनोहर जी,राज्य कमेटी क्यामुद्दीन अंसारी,इंनौस राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन,आइसा राज्य शब्बीर कुमार,जिला स्थाई समिति सदस्य जितेंद्र सिंह, राजनाथ राम,जिला कमेटी सदस्य गोपाल प्रसाद,बालमुकुंद चौधरी,ऐपवा नगर सचिव शोभा मंडल,कार्यालय सचिव चंदन कुमार,जसम के राज्य अध्यक्ष जितेंद्र कुमार,डा०सिद्धनाथ सागर,अजय गांधी,नगर कमेटी सदस्य सुरेश पासवान,दीनानाथ सिंह,वार्ड पार्षद सत्यदेव कुमार,अमित बंटी,हरिनाथ राम,अभय कुशवाहा,अमित मालाकार,संतविलास राम, आइसा नेता रौशन कुशवाहा,व्यवसायी संघ के नेता कृष्णरंजन गुप्ता,बबलू गुप्ता,शिक्षक नेता अखिलेश कुमार,भोदा यादव,मनोरमा देवी,राजू प्रसाद,पुष्पा देवी,प्रमोद रजक,अहमद अली,दीपक रजक,मिलटन कुशवाहा,लक्ष्मी पासवान,श्यामसुंदर राम,अनिल वर्मा,मो० राजन,शैफुल रज्जा कृष्णा पासवान,किरण कुमार राम,आशुतोष पांडे,रणधीर कुमार राणा,देवानंद पासवान,जगजीवन



राम,राहुल कुमार,शेखर कुमार,संतोष कुमार,विक्रांत कुमार,दीपक सिंह,संजय गुप्ता, ओमप्रकाश बिंद शामिल थे!संकल्प सभा की अध्यक्षता भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया!

इस मौके पर जिला सचिव जवाहरलाल सिंह ने कहा कि चारू मजुमदार की शहादत के पचासवें वर्ष में हम स्वयं को एक असाधारण परिस्थिति के बीच देख रहे हैं !जनता का जीवन, जीवनयापन के साधन और स्वतंत्रता पर गम्भीर खतरा मंडरा रहा है !हमारे गणतंत्र को फासीवादी हिन्दूराष्ट्र के पिंजरे में कैद किया जा रहा है !अभूतपूर्व विपत्ति का सामना कर रहे गणतंत्र को बचाने व उसके पुर्ननिर्माण का कार्यभार हमारे सामने है !ये परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं !इसका सामना करने के लिए पार्टी को सांगठनिक,राजनीतिक एवं वैचारिक तौर पर मजबूत बनाना होगा !इसी के तहत आज से एक अभियान की शुरूआत हो रही है जिसका समापन अगले साल फरवरी में पटना में होने वाले पार्टी के ग्यारहवें महाधिवेशन में होगा ! हम पार्टी के प्रत्येक सदस्य, ब्रांच और कमिटी से अपील करते हैं कि पार्टी महाधिवेशन को सफल बनाने के लिए अभी से जी जान से लग जायें !

उन्होंने ने कहा कि चारू मजुमदार ने कॉमरेडों से जनता से सघन रूप से जुड़ने का आह्वान किया था !उन्होंने यह भी कहा था कि जनता के हित को ही पार्टी का एक मात्र हित समझना चाहिए. आज जब देश अघोषित आपातकाल से गुजर रहा है,ऐसी स्थिति में हमारे सामने एक व्यापक एकता का निर्माण करना सबसे बड़ा कार्यभार है !बीते पांच दशकों में हमारी पार्टी ने तीखे राज्य दमन,सामंती व राजनीतिक हिंसा का सामना करते हुए जनता की आवाज को लगातार बुलंद रखा है !हमें उम्मीद है कि फासीवादी ताकतों को पीछे धकेलने में हम जरूर कामयाबी पाएंगे क्योंकि हम कॉ.चारू मजुमदार की क्रांतिकारी विरासत पर खड़े हैं !

## मुंगेर प्रक्षेत्र के डीआईजी पहुंचे सूर्यगढ़ा

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

सूर्यगढ़ा थाना परिसर पहुंचे मुंगेर प्रक्षेत्र के डीआईजी संजय कुमार एवं उनके आगमन को लेकर लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार एएसपी सैयद इमरान मसूद भी पहुंचे एवं उनके आते ही जमुई सशस्त्र बलों के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तत्पश्चात सूर्यगढ़ा थाना अध्यक्ष विंध्याचल प्रसाद के कार्यालय में लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार से लखीसराय जिले में क्राइम संबंधित वातालॉप की गई एवं साथी सूर्यगढ़ा थाना देश विंध्याचल प्रसाद से थाना क्षेत्र अंतर्गत फरार वारंटीओं कि सुनिश्चित गिरफ्तारी हेतु एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर अंकुश एवं अवैध शराब कारोबार को लेकर उनके द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया उनके आगमन को लेकर लखीसराय जिला पुलिस प्रशासन बेहद मुस्तैद दिखा उक्त मौके पर लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार एसपी सैयद इमरान मसूद सूर्यगढ़ा थाना अध्यक्ष विंध्याचल प्रसाद मेदनी चौकी थाना अध्यक्ष रूबीकांत कच्छप समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे

## अमृत महोत्सव के तहत किया गया वृक्षारोपण

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

प्रखंड मुख्यालय परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अखिलेश कुमार एवं कजरा पीसीबी वाहिनी एसएसबी के द्वारा वृक्षारोपण अभियान का कार्यक्रम किया गया जिसके तहत सूर्यगढ़ा प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित



कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया यह अभियान 32 वीं वाहिनी के कमांडेंट ललित कुमार के निदेर्शानुसार एवं कंपनी कमांडर शिवम मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया एवं वृक्षारोपण में राहुल देव विशाल कुमार कल्याण महतो समेत सूर्यगढ़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी वृक्षारोपण में शामिल हुए

## 7 बोतल विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के किऊल रेलवे स्टेशन पर 13313 अप इंटरसिटी एक्सप्रेस के इंजन के पीछे सेकंड जनरल बोगी से किऊल जीआरपी पुलिस ने ट्रेन जांच के दौरान 7 बोतल विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है किऊल



जीआरपी पुलिस ने जांच के दौरान जमुई जिले के रहने वाले सुमन कुमार के समीप से 6 पीस 750' का सिग्नेचर और एक बोतल रॉयल चैलेंज का 375' शराब बरामद किया गया जीआरपी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के ऊपर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है उक्त जानकारी रेल डीएसपी मोहम्मद इमरान ने दी है

## भाजपा कार्यकताओं की बैठक आयोजित

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय बाजार स्थित शिव दुर्गा महावीर मंदिर परिसर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के लखीसराय युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई एवं उक्त बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय कार्यकारिणी प्रवास



कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बीते 8 वर्षों में उनके द्वारा किए गए कार्यों का विश्लेषण किया गया तथा यह कार्यक्रम बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चलाया जा रहा है एवं यह कार्यक्रम पार्टी की मजबूती और पार्टी कार्यकताओं को एकजुटता को लेकर की जा रही है

## मसौढी के पटेल नगर रोड स्थित नाले का स्लैव टूट जाने से लगातार दुर्घटना ग्रस्त हो रही है।

**दैनिक समाज जागरण मसौढी से नीरज कुमार**

मसौढी के गुरुवार को मसौढी के पटेल नगर मुहल्ले में नाले के स्लैव टूट जाने लागातार दुर्घटना ग्रस्त हो रही है।जानकारी के मुताबिक मुहल्ले वाले का कहना है लगभग छ महिनो से नाले का स्लैव टूट गया है।और कई बार लिखित आवेदन नगर परिषद कार्यालय मे दिया गया



है।बाकि छ महिना बित गया है इस पर कोई कार्यवाई नही हुई है।और इस रास्ते से सैकड़ो गाडीयां जाती है।कीसी समय बडा हादसा हो सकती है।और नगर परिषद नींद मे सो रही है।मसौढ़ी नगर के विभिन्न वार्डों में लगभग एक सौ से ज्यादा नाले का स्लैव टूट गया है। जिससे आने /जाने वाले लोगों को परेशानी झेलना पड़ रहा है।लगातार हम इस खबर प्रमुखता से प्रसारित कर रहे।नगर परिषद प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।

## सपा नेता ने अधिशासी अधिकारी के नियुक्ति की उठाई मांग

**दैनिक समाज जागरण सिकंदरपुर बलिया।**

विगत 1 माह से अधिक समय से नगर पंचायत, सिकन्दरपुर के अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा है ।अधिशासी अधिकारी के न होने के वजह से आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा नगर की प्रमुख समस्याओं का निदान भी नही हो रहा है । सपा नेता जितेश कुमार वर्मा ने कहां कि जनहित में नगर



पंचायत,सिकन्दरपुर में अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति की जाये ।

## दीक्षांत समारोह : सामग्रियों का वितरण 31 जुलाई को

## विद्यार्थियों को अंगवस्त्रम्, मालवीय पगड़ी, आमंत्रण पत्र, इंट्री पास, गाड़ी पास एवं लंच कुपन मिलेगा

**दैनिक समाज जागरण**

आगामी 3 अगस्त को आयोजित हो रहे भूपेन्द्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को दीक्षांत समारोह को लेकर अकादमिक शाखा में एक अनौपचारिक बैठक सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया है सभी विद्यार्थियों को 31 जुलाई एवं 1 अगस्त को विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में सामग्रियां वितरित की जाएंगी। विद्यार्थियों को अंगवस्त्रम्, मालवीय पगड़ी, आमंत्रण पत्र, इंट्री पास, गाड़ी पास एवं लंच कुपन मिलेगा। डॉ. सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को सामग्रियों की प्राप्ति के समय विद्यार्थियों को अपना रसीद और पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि को निश्चित रूप से सभी सामग्रियां प्राप्त कर लें, ताकि उन्हें कोई दिक्कतें नहीं हो। जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण ने संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया है कि किसी भी विद्यार्थी को सामग्रियां प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं हो। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ. पवन कुमार, कुलानुशासक डॉ. विश्वनाथ बिवेका, निदेशक अकादमिक डॉ. एम. आई. रहमान,

